## खबर संक्षेप

### गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष पर कार्यक्रम का आयोजन

**दमुआ।** मध्यप्रदेश शासन, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुपालन में गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी वर्ष को समर्पित विशेष कार्यक्रम का आयोजन शासकीय महाविद्यालय दमुआ में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम श्रद्धा, त्याग और राष्ट्रभक्ति की भावना को समर्पित रहा।कार्यक्रम में शामिल हुए सम्मानित विशिष्ट अतिथि श्री सुरेंद्र सिंह गांधीजी समाजसेवी एवं क्षेत्र के वरिष्ठ मार्गदर्शक श्री बलबीर सिंह छाबड़ा जी प्रख्यात सामाजिक कार्यकर्ता एवं शिक्षण हितैषी श्री परमजीत सिंह जी सिख समुदाय के प्रतिष्ठित प्रतिनिधि एवं प्रेरक वक्त श्री डॉक्टर देवेंद्र ठाकरे जी शिक्षाविद् एवं जनसेवा कार्यों में अग्रणी इन सभी अतिथियों ने गुरु तेग बहादुर जी के आदर्शों—त्याग, निडरता और मानवता—पर प्रकाश डाला तथा विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे महान गुरुओं के जीवन से सीख लेकर समाज एवं शिक्षा के क्षेत्र में नई दिशा प्रदान करें।कार्यक्रम में प्राचार्य श्रीमती रश्मि दास महाविद्यालय स्टाफ एवं छात्र छात्राएं उपस्थिति रहे।कार्यक्रम का संयोजन डॉ पुष्पा मौर्य एवं दिनेश इबनाती ने किया।

### दिव्यांग बच्चों के साथ मनाई तारण जयंती की खुशियां

**छिंदवाड़ा।** आगामी अगहन सुदी सप्तमी 27 नवंबर के शुभ दिन सकल जैन समाज श्री तारण तरण दिगंबर जैनाचार्य श्रीगुरू महाराज तारण स्वामी की 577 वीं जन्म जयंती विविध अनुष्ठानों के साथ भक्ति भाव पूर्वक मनावेगा।इस अवसर पर नगर के परासिया रोड स्थित दिव्यांग बच्चों की सेवा में समर्पित संस्था आधार फाउंडेशन में जैन समाज के अहिंसा प्रेमियों ने विविध अनुष्ठान कर महोत्सव मनाया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सर्वोदय अहिंसा के प्रदेश संयोजक एवं नगर पालिक निगम स्वच्छता ब्रांड एंबेसडर दीपक राज जैन, विशेष अतिथि श्रीमती संध्या जैन, संगीता जैन, गोल्डी रिंकू जैन, पलक प्रिंस जैन, पल्लवी जैन एवं बेबी पार्श्वी जैन के साथ अप्सरा रेडियोज परिवार उपस्थित रहे।

### नेशनल हाइवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया की दोषपूर्ण कार्यप्रणाली पर जांच की मांग

# दो साल पहले बनी सड़क की गुणवत्ता पर सवाल और अब मरम्मत का खेल

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिन्दवाडा (मनीष गड़करी)







केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के दावों को ठेंगा दिखाते हुए नेशनल हाइवे 547 की गुणवत्ता पर बड़ा सवाल खड़ा हुआ है। मात्र दो वर्ष पूर्व ही बनी इस सड़क पर जगह जगह हुए गड्ढों ने इसकी निर्माण एजेंसी पर बड़े सवाल खड़े कर दिए है।

मामला सिर्फ भ्रष्टाचार या गुणवत्ताहीन होने का ही नहीं है अपितु मानवता की उस संवेदशीलता से जुड़ा हुआ है। जहां इस सड़क को बनाने वालों के घर तो महलों में बदल गए लेकिन इन गड्ढों से दुर्घटनाग्रस्त होकर न जाने की ज़िंदगी बर्बादी की गर्त में पहुंच गई। न जाने कितने बच्चे अनाथ हो गए। कई माता पिता बच्चों के बिना नीरस जिंदगी बिताने को मजबूर है।

वास्तव में नेशनल हाइवे सड़क न होकर विकास की एक ऐसी रेखा होती है जिसमें भविष्य के विकास की इबारत लिखी होती है और जब यह इबारत लिखी जाती है तब इंसानियत के नाते ही सही गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाना होता है। पंरतु छिंदवाड़ा, सिवनी मार्ग पर जगह जगह टूटे गड्ढे और गड्ढों से भरे पेंच नजर आ रहे है। सड़क की हालत इतनी खराब है कि जगह जगह ब्लॉक लगाकर थिगड़े लगाए जा रहे है। जब सवाल जिम्मेदारों से किया जाता है तो बगले झांकते नजर आते है और अपने वरिष्ठ अधिकारियों की आड़ लेने का प्रयास करते है।


कद्दू कटेगा तो सबमें बंटेगा ये बात तब तक ही मान्य होती है जब तक माल बंट नहीं जाता। परंतु जब शिकायत जांच और कार्यवाही की आती है तो हर अधिकारी अपना पल्ला झाड़ने में लग जाता है। जवाब देने के लिए उन्हें समय की आवश्यकता पड़ती है क्योंकि बातों में सत्यता होती तो जवाब तुरंत मिल जाता पंरतु झूठ की कहानी गढ़ने के लिए समय तो चाहिए ही।

इंजीनियर राम सिंह राजपूत के विचार तो ऐसे ही है। दरअसल केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्रालय के अधीन आने वाली यह सड़क का निर्माण नेशनल अर्थोरिटी ऑफ इंडिया के मार्गदर्शन में हुआ था। लगातार हो रही लापरवाही ने शासकीय पैसों के दुरूपयोग की पराकाष्ठा को भी लांघ लिया है। नेशनल हाइवे के गड्ढे भ्रष्टाचार की कहानी कहने के लिए पर्याप्त है। मंत्रालयों में शिकायतों की फाइल धूल खा रही है। जांच अधिकारी भी जांच के नाम पर पैसे खा रहे है मतलब पहले के दोषी अधिकारियों ने जो पैसा खाया है उसमें में कुछ हिस्सा अब जांच अधिकारियों को मिलेगा। अखबारों की शिकायत को तवज्जों देंगे भी या नहीं कुछ कहा नहीं जा सकता।

बहरहाल केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के इस विभाग के चंद अधिकारी विभाग की और मंत्रीजी की छवि को धूमिल करने में कोई भी कसर नहीं छोड़ रहे है। शिकायत तो हो गई है कार्यवाही बाकी है। अगर कार्यवाही हुई तो बड़ा कदम उठाना ही होगा। सड़कों के सुधार के लिए महत्वपूर्ण कदम तो उठाने ही होंगे।

### पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा

## इकलेहरा खदान में हुआ हादसा, युवक की गई जान



हरिभूमि न्यूज ▶▶| परासिया

बीते 15 - 16 नवंबर को इकलेहरा की बंद ओपन कास्ट कोयला खदान में हुए हादसे में घायल 4 लोगों में से एक युवक की मौत हो गई। जिसका अंतिम संस्कार मंगलवार को किया गया। गौरतलब है, कि बीते 15 नवंबर रविवार की रात अवैध कोयला उत्खनन करने के दौरान चट्टान धसकने से उसमें चार लोग दब गए थे। जिनमें रिज़वान खान, कुणाल कोचे, शादाब खान और सायना घायल हुए थे। जिन्हें इलाज के लिए छिंदवाड़ा ले जाया गया था। इन घायलों में 33 वर्षीय रिज़वान को गंभीर घायल होने के चलते नागपुर रेफर किया गया था। जहां इलाज के दौरान सोमवार रात उसने दम तोड़ दिया। मंगलवार को उसका पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया। मंगलवार को ही उसे स्थानीय कब्रिस्तान में सुपुर्द ए खाक किया गया। बता दें की इस घटना के बाद पुलिस ने इस मामले मेंशादाब, शब्बीर, छोटू ऊर्फ सुलेमान, शेख शाहिद के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया था।

### नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का मोया में हुआ आयोजन

**बिछुआ।** विकासखंड बिछुआ अंतर्गत ग्राम मोया में शासकीय उच्चतर माध्यमिक शाला प्रांगण में स्थानीय क्षेत्रवासियों की स्वास्थ्य आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए मोया में एक दिवसीय नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया,शिविर में विभिन्न विशेषज्ञ डॉक्टरों की टीम ने मरीजों की निशुल्क जांच,परामर्श,तथा आवश्यक दवाइयों का वितरण किया। कार्यक्रम की शुरुवात अतिथियों के द्वारा मां सरस्वती की पूजन कर किया गया,स्वास्थ्य शिविर को संबोधित करते हुए जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे ने कहा कि सांसद विवेक बंटी साहू जी के द्वारा लगातार पूरे जिले में स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया जा रहा है,जिससे कि आमजनों का उपचार अच्छे से हो सके,इसके अलावा अतिथियों के द्वारा स्कूल प्रांगण में सांसद कप प्रतियोगिता का भी शुभारंभ किया गया। इस दौरान मुख्य रूप से,जिला मंत्री लक्ष्मीकांत गोलू नागरे,जिला पंचायत सदस्य लखन कुमार वर्मा,मंडल अध्यक्ष शैलेश चोपड़े,जनपद उपाध्यक्ष निरंकुश नागरे,नगर परिषद अध्यक्ष रामचंद्र बोबडे,मंडल अध्यक्ष गोपाल कवरेती,वरिष्ठ नेता रामसिंह पटेल,खुशयाली भट्ट,पार्षद झीटो बाई धुर्वे,अनिल कुर्मी,बिंदु मालवीय,बलदेव बोबडे, राजेश रघुवंशी,भूरा चोपड़े आदि मौजूद रहे।



## सांसद ने किया निर्माण कार्यों का भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



सांसद बंटी विवेक साहू के द्वारा विभिन्न सामाजिक संगठनों को सामाजिक भवनों के निर्माण सहित अन्य कार्यों के लिए लगातार सांसद निधि स्वीकृत की जा रही है। इसी के तहत विगत दिनों माली समाज के पदाधिकारियों एवं सामाजिक बंधुओं द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू से मुलाकात करते हुए गुरैया मंडल के पास स्थित महात्मा ज्योतिबा फुले मंगल भवन में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग की गई थी। सांसद श्री साहू ने इसे गंभीरता से लेते हुए तत्काल ही बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए अपनी सांसद निधि से 5 लाख की राशि स्वीकृत कर दी थी। मंगलवार की शाम सांसद श्री साहू ने माली समाज भवन में बाउंड्रीवॉल निर्माण के लिए भुमिपूजन किया। वहीं वार्ड नं. 26 झील मोहल्ला में सांसद श्री साहू ने माता मंदिर के पास रंगमंच निर्माण के लिए भी विधि विधान से भुमिपूजन किया। जिला माली समाज भवन की बाउंड्रीवॉल निर्माण के भुमिपूजन अवसर पर महापौर विक्रम अहके, मंडल अध्यक्ष श्रीमती लीला बजोलिया, समाज के संयोजक भाउराव चरपे, कार्यवाहक अध्यक्ष विजय घोरसे, कोषाध्यक्ष तुलसीराम चोरकर, कुन्हेरे जी आदि मौजूद रहे।

### एसआयआर की समय सीमा बढाई जाए - मुस्लिम विकास परिषद

**पांढुर्ना।** आज मध्यप्रदेश मुस्लिम विकास परिषद जिला पांढुर्ना ने मध्यप्रदेश निर्वाचन आयुक्त के नाम ज्ञापन प्रेषित कर एसआयआर की समय सीमा बढाए जाने की मांग की। ज्ञापन में बीएलओ पर अपने कर्तव्य को गंभीरता से नहीं निभाने का आरोप लगाया है। अधिकांश बीएलओ मतदाताओं के घरों से अंजान है इसलिए वे उन्हें मतदाताओं के घर तलाशने में दिक्कतों का सामना करना पड रहा है। इसके साथ ही काफी बीएलओ आयु 50 वर्ष है जिसमें महिलाएं भी शामिल है के लिए एसआयआर प्रक्रिया संपन्न कराया जाना मुश्किल हो रहा है। उक्त कारणों के कारण एसआयआर को लागू किए जाने के लिए एक माह की अवधि को मुस्लिम विकास परिषद द्वारा अपर्याप्त बताया है क्यों कि 4 दिसंबर आने में बहुत ही कम दिन बचे है।

## नकुलनाथ से भेंट नहीं होने पर 100 लोग उनके मंच पर चढेंगे

**विधायक चौरे द्वारा निधि अमीरों को बांटने पर चर्चा चाहते है आदिवासी**



हरिभूमि न्यूज ▶▶| पांढुर्णा

आगामी 28 नवंबर को बाजार चौक सौंसर में पूर्व सांसद नकुलनाथ से मिलने का समय नहीं मिला तो हम 100 आदिवासी उनके में मंच पर चढकर उनसे चर्चा करेंगे। ऐसी चेतावनी देते हुए आज नामदेव इवनाती, मनोज उईके, गोविंद धुर्वे, कैलाश नर्रे, शेषराव इवनाती, लालमन इरपाची, रामकिशन उईके, वंदना इवनाती तथा अनीता इवनाती ने कलेक्टर पांढुर्ना के नाम ज्ञापन संयुक्त कलेक्टर नेहा सोनी सौंपा। ज्ञापन दाताओं ने अपने आवेदन में लिखा है कि कांग्रेस विधायक विजय चौरे द्वारा स्वेच्छा अनुदान की राशि गरीब, वंचित, पिछडे और आदिवासी को देनी चाहिए।

लेकिन कांग्रेस विधायक ने शासन द्वारा प्रदान की जानेवाली यह स्वेच्छानुदान की लाखो रू की राशि अपने नजदीकी, चहेते और अमीरों को आवंटित कर दी है। यह राशि हार्डवेयर, किराना दुकान, मोबाइल शॉप, लोहा सीमेंट की दुकानों के खाते में डाली गई है। विधायक विजय चौरे ने लाखों रू. की स्वेच्छानुदान राशि अपने निजी सहायक और महाराष्ट्र के लोगां के बैंक खातों में डाली है।

पूर्व सांसद नकुलनाथ से सौंसर के बाजार चौक में मिलने की इच्छुक लोग कांग्रेस विधायक विजय चौरे के उक्त मामले को आर्थिक घोटाला करार देते हुए इस विषय पर चर्चा करना चाहते है। ज्ञापनदाताओं ने चेतावनी दी है कि प्रशासन यदि पूर्व सांसद से हमारी भेट नहीं कराता तो हम उनके मंच पर चढ जाएंगे

### छात्र सामाजिक उत्तरदायित्व निर्वहन में संवेदनशील बनें: प्रो. अमर सिंह

**छिंदवाड़ा:** शासकीय महाविद्यालय चांद में सावित्री पाठक सामाजिक एवं गैर औपचारिक शिक्षा के अन्तर्गत गुरुकुल सेवा समिति द्वारा छात्रों का समाज से संवाद को केंद्र में रखकर आयोजित कार्यशाला में प्रमुख स्त्रोत वक्ता श्यामल राव ने कहा कि छात्र सनातन संस्कृति की जीवन शैली जीकर हमारा समाज जो चाहता है, उसकी आवाज बनें। व्यक्तिगत अनुशासन सर्वोच्च शक्ति की निधि है, स्वच्छता ही दिव्य आचरण है और और सेवा से बड़ा कोई और पुण्य नहीं है। छात्रों की समाज को देखने की दृष्टि ऐसी होनी चाहिए कि समाज केवल लोगों का समूह न दिखे, अपितु एक जीवित संगठन लगे। छात्र समाज से संवाद करते हुए लोगों से पूछें कि क्या वे सुरक्षित महसूस करते हैं, क्या उनको अपनी बात कहने का अवसर मिलता है और उनके सुझाव व शिकायतें क्या हैं। इसके साथ छात्र समाज के लोगों से पूछें कि उनके अधिकार और कर्तव्य क्या हैं।

### नई पहल करते हुए स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों से मुलाकात

## सांसद साहू ने नवाचार करते हुए बच्चों से की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| छिंदवाड़ा



यूं तो छिन्दवाड़ा और पांढुर्णा जिला नवाचार के मामलों में हमेंशा से ही आगे रहा है। अपने नवाचारों के कारण प्रदेश व देश में अपनी अलग पहचान बनाने वाले दोनों जिलों का सांसद के रूप में प्रतिनिधित्व कर रहे सांसद बंटी विवेक साहू ने एक नया नवाचार विधार्थियों से संवाद के रूप में शुरू किया है। अपने इस नवाचार की शुरूआत सांसद श्री साहू ने मंगलवार को सांगाखेड़ा के हाईस्कूल और एकीकृत प्राथमिक माध्यमिक शाला भाण्डी से की। भाण्डी पहुंचे सांसद ने सर्वप्रथम बच्चों का फुलों से स्वागत किया।

सांगाखेड़ा के में पहुंचे सांसद बंटी विवेक साहू ने सर्वप्रथम स्कूल के विधार्थियों, शिक्षक-शिक्षिकाओं और जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में वंदे मातरम् का गायन कराया। वंदे मातरम् गायन के बाद सांसद श्री साहू बच्चों की क्लास में पहुंचे जहा उन्होंने विधार्थी संवाद के नवाचार की शुरूआत करते हुए विधार्थियों से कई प्रश्न पूछें। जैसे कि देश का सर्वोच्च पद कोनसा है, हमारे देश के प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री का नाम क्या है, देश को आजाद हुए कितने वर्ष हो गए सहित कई अन्य प्रश्न विधार्थियों से किए जिसका जवाब विधार्थियों ने सांसद श्री साहू को दिया। इस दौरान सांसद श्री साहू ने विधार्थियों को धरती आभा भगवान बिरसा मुंडा, राजा रघुनाथ शाह व राजा शंकर शाह के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने विधार्थियों को मन लगाकर पढ़ाई करने के लिए प्रेरित करते हुए परीक्षा में अच्छे अंक लाकर अपने माता-पिता और स्कूल का नाम रोशन करने के लिए कहा। इसके उपरांत सांसद श्री साहू द्वारा बीजोरी ग्राम के विद्यालय में सांसद खेल महोत्सव के अंतर्गत आयोजित कबड्डी प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से पूर्व विधायक हरिशंकर उईके, जनपद अध्यक्ष सविता बोसम, भाजपा जिला उपाध्यक्ष अखलेश शुक्ला, योगेश साहू, मोनू साहू, मनेश श्रीवास्तव, आशीष ठाकुर, अलकेश लांबा, अरविंद राजपूत, अवधूत काले सहित अन्य जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता एवं शिक्षक-शिक्षिकाएं व बड़ी संख्या में विधार्थी उपस्थित थे।

हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

सांत्वना पुरस्कार विजेताओं के नाम

**रायपुर संस्करण** - 75. तारकेश्वर प्रजापति पिता\पति सुकलाल प्रजापति पता- राम विहार आरंग, 76. विजय साहू पिता\पति अश्वनी साहू पता - कबीर नगर एकता चौक रायपुर, 77. ओम प्रकाश साहू पिता\पति घासी राम साहू पता- धनेली रावाभाठा धरसीवा रायपुर, 78. चंचल ध्रुव पिता\पति किशोर ध्रुव पता- सुदामा नगर रायपुर, 79. अर्जुन तांडी पिता\पति त्रिनाथ तांडी पता- BSUP कॉलोनी ब्लॉक न. C रायपुर, 80. सुनीता जायसवाल पिता\पति छोटेलाल जायसवाल पता- बढाई पारा रायपुर, 81. जानवी गोयल पिता\पति कमल किशोर पता- डूमर तालाब रायपुर, 82. राकेश पंचवारे पिता\पति हनेश पंचवारे पता- भनपुरी बिरगांव रायपुर, 83. ट्विंकल धनकर पिता\पति तरुण धनकर पता - रामेश्वर मंदिर न्यूज़ शांति नगर, 84. बीणा साहू पिता\पति संतोष साहू पता- दुर्गा नगर बिरगांव, 85. तुषार साहू पिता\पति रामनाथ साहू पता- बकली, 86. लिना देशमुख पिता\पति केशव देशमुख पता- पीपरछेड़ी धमतरी, 87. ममता कुम्भकार पिता\पति चंदूलाल कुम्भकार पता- ब्राम्हण पारा वार्ड कुम्हार पारा धमतरी, 88. ईश्वरलाल साहू पिता\पति गुलाबराम साहू पता- पुलिस लाइन रुद्री धमतरी, 89. हिमांशु साहू पिता\पति भूषण लाल साहू पता- राजनांदगांव, 90. मूलचंद साहू पिता\पति भुनेश्वर साहू पता-कोटराभांठा, 91. निरंजन साहू पिता\पति भिखारी राम साहू पता- राजनांदगांव म. न. 8 18 एकड़ पुलिस लाइन, 92. उमा केशरवानी पिता\पति सूरज केशरवानी पता- बाज़ारपारा बेमेतरा वार्ड न.18, 93. रूपराम बनपेला पिता\पति स्व. महेत्तर राम बनपेला पता- म.न. 215 अन्नापूर्णा पारा पुराना आरामिल के पास कांकेर, 94. टोडरमल साहू पिता\पति मिलन राम साहू पता- पेंवरो गुरुर, 95. ललित सोनी पिता\पति स्व. रामलाल सोनी पता- जगदलपुर, 96. धनंजय देवांगन पिता\पति बृजराम देवांगन पता- बागबहरा वार्ड न.13, 97. नरेश कुमार केशरवनी पिता\पति स्व. फागुराम केशरवानी पता- नगर पंचायत पांडातराई, 98. डिकेश्वर वर्मा पिता\पति तिरिशराम वर्मा पता - सिविल लाइन बलौदाबाजार, 99. पी. गंगा रेड्डी पिता\पति मनिंदर पाल आनंद पता - डी. एन. के. कोंडागांव, 100. लोकेश कुमार देशमुख पिता\पति में कुमार देशमुख पता - तिरंगा वार्ड- 7 दुर्ग, 101. ओमप्रकाश देशमुख पिता\पति डोमन लाल देशमुख पता- अंजोर भिलाई, 102. यशवंत यादव पिता\पति अरुण यादव पता- बघेरा वार्ड न. 56 दुर्ग, 103. रेशनी साहू पिता\पति हिरमन लाल साहू पता- पोलसाय पारा दुर्ग, 104. विजय कुमार रामटेके पिता\पति स्व. डेहराराम रामटेके पता- शिवनगर बाँधा तालाब दुर्ग, 105. हेमा चंद्राकर पिता\पति पुराणिक चंद्राकर पता - दीपक नगर दुर्ग, 106. मंजीत कौर भाटिया पिता\पति स्व. इवेल सिंह भाटिया पता- संतरा बाड़ी दुर्ग, 107. दुलसिया बाई पिता\पति स्व. बिसहुवा साहू पता- पदुम नगर चरोदा भिलाई-3, 108. अंशिका गुप्ता पिता\पति श्याम जी गुप्ता पता- कैंप -1 भिलाई, 109. स्वाति साहू पिता\पति पूरण चंद साहू पता-भिलाई, **बिलासपुर संस्करण**- 110. प्रवीण यादव पिता/पति- धनेश यादव, पता शांति नगर हाफा रोड सकरी, बिलासपुर 111. मुस्कान यादव, पिता/पति- कृष्ण कुमार यादव, पता - उसलापुर साईं आनंदम के पास, बिलासपुर 112. रश्मि सेन पिता/पति- स्व. कमल सेन, बिलासपुर पता - होटल अजित के सामने तेली पारा, बिलासपुर 113. आर्यांश जायसवाल, पिता/पति- शैलेन्द्र जायसवाल, पता- नंदू गैरेज के पीछे तेलीपारा बिलासपुर, 114. शैलेंद्र कुमार सोनवानी, पिता/पति- सरजू प्रसाद सोनवानी, पता - छोटी कोनी बिलासपुर, 115. चुम्मन चंद्राकर पिता/पति- गिरधर चंद्राकर, पता - विकाश नगर शांति नगर, बिलासपुर 116. चितगोविंद प्रसाद कौशिक, पिता/पति- स्व. अजीतराम कौशिक, पता- यातायात नगर परसदा, जिला बिलासपुर, 117. मनीष पटेल पिता - रामप्रसाद पटेल, पिता/पति- वार्ड न. 43 पटेल मोहल्ला, बिलासपुर 118. दिलप्रीत सिंह छाबड़ा पिता/पति- जी.एस. छाबड़ा, पता - मित्र बिहार लिंक रोड बिलासपुर, 119. प्रतिमा कश्यप, पिता- रामकिशुन कश्यप, पिता/पति- कुदुदण्ड मिलन चौक बिलासपुर, 120. हरप्रीत सिंह खनुजा, पिता/पति- थान सिंह खनूजा, पता- दयालबंद टिकरापारा बिलासपुर, 121. श्यामसुंदर कुशवाहा पिता/पति- स्व. चंद्रशेखर प्रसाद, पता- मंगला बिलासपुर, 122. सुचिता सिंह पिता/पति- एम.एल. ऊके, पता- भारतीय नगर बिलासपुर, 123. नुमान बाघड़े, पिता/पति- नितिन बाघड़े पता - जरहाभाठा बिलासपुर, 124. राधा सिंह ठाकुर बाघड़े पिता/पति- अजय सिंह ठाकुर पता- सिटी कोतवाली बिलासपुर, 125. श्रेया विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा पता- तेलीपारा बिलासपुर, 126 मौजी निर्मलकर पिता/पति- सुखदेव निर्मलकर, पता- जुना बिलासपुर, 127. सुन्दर लाल मार्को पिता/पति- स्व. होरीलाल मार्को, पिता/पति- बिनौरी काठाकोनी, जिला बिलासपुर 128. अल्का साहू पिता/पति- राजेन्द्र कुमार साहू, पता- मंगला बिलासपुर, 129. वैभव यादव पिता/पति- बिरेन्द्र कुमार यादव, पता नया तालाब के पास सड़क के पास मोपका, जिला बिलासपुर 130. आर्यन गुप्ता पिता/पति- विष्णुकांत गुप्ता पता- कपिल नगर सरकंडा, बिलासपुर 131. पवन विश्वकर्मा पिता/पति- बी.पी. विश्वकर्मा, पता तेलीपारा बिलासपुर, 132. राम किशोर ठाकुर पिता/पति- स्व. तुलसीराम ठाकुर पता - सरकंडा बिलासपुर, **भोपाल संस्करण**- 133. नित्या बलदार पिता\पति -विमल बलदार पता- 727 बागसेवनिया, 134. फातिमा पिता\पति मो. शाहिद पता- 87 नारियल खेड़ा भोपाल, 135. आलिया पिता\पति इमरान 26 पता- जनता नगर करोद, 136. अर्पिता यादव पिता\पति श्रीकांत यादव पता- फ्लैट 8 ड्रीमलैंड अपार्टमेंट ईदगाह हिल्स भोपाल, 137. मयंक उपाध्याय पिता\पति शिवप्रसाद उपाध्याय पता- जीरापुर, 138. लक्ष्मी शर्मा पिता\पति सतीश शर्मा (मावावाला) पता -आवास कॉलोनी जीरापुर, 139. प्रीति राठौर पिता\पति राजेश राठौर पता- आवास कॉलोनी जीरापुर, 140. सुरेन्द्र सिंह पिता\पति जीरापुर, **जबलपुर संस्करण**- 141. अदिति मेहरा पिता\पति कृष्ण कुमार मेहरा पता- कांटी धमनी पाटन, 142. अर्पिता श्रीवास्तव पिता\पति ए.के श्रीवास्तव पता- कांचघर, 143. शशांक सिंह पिता\पति अमर सिंह पता- रिछाई जबलपुर, 144. सुभद्रा पिता\पति अजय पता- जबलपुर आधारताल, 145. शिवा निषाद पिता\पति राम खिलावन निषाद पता- गांधीगंज कटनी, 146. नारायण प्रसाद अग्रहरी पिता\पति द्वारका प्रसाद अग्रहरी पता- राजीव गांधी वार्ड वार्ड नंबर 13 रबर फैक्ट्री साइन मंदिर के पास कटनी मुड़वारा, 147. शशि कोस्टा पिता\पति- स्व. कंदीलाल कोस्टा पता-जगमोहन दास वार्ड नई बस्ती कटनी, 148. मानसी पिता\पति- विजय बाबा नारायण शाह पता- गुरुद्वारा के पास मुरवारा कटनी

नियम एवं शर्तें लागू*

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि

## किसान मंडी में लाकर बेचे अपना कपास: सीसीआई

# मंडी में खुला 8010 रुपये कपास का भाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौसर

लंबी इंतजार के बाद में कृषि उपज मंडी प्रांगण से सोमवार को सीसीआई के द्वारा खरीदी शुरू की गई है। मंडी परिसर में आई प्रथम गाड़ी किसान शेषराव यादव खुटाबा का तिलक लगाकर सौसर कृषि मंडी सचिव हरीदास इरपाची के द्वारा स्वागत सत्कार किया गया।कपास की फसल की पूजा कर विधिवत नीलामी प्रक्रिया को शुरू किया गया। सीसीआई के द्वारा 9% नमी पर 8010 के भाव से कपास की खरीदी शुरू की गई है।वहीं दूसरी गाड़ी 10% कपास में नमी होने पर 7850 के रेट से खरीदी की गई। इस दौरान सीसीआई अधिकारी कन्हैयालाल बघेल,कपास व्यवसायी संजय राठी,इंदरचंद



डागा संजय रुंघे,राजेद्र सावल,मनोज जुनेजा, मंडी सहायक उप निरीक्षक सुनील नगोत्रा संदीप बाथरी,अरुण पवार,हेमराज बट्टी चंद्रभान ठाकरे आदि थे। सीसीआई अधिकारी एवं केंद्र प्रभारी कन्हैयालाल बघेल ने बताया कि दिनभर में सीसीआई के द्वारा 7690 रुपये से लेकर 8010 तक 153 क्विंटल कपास की खरीदी की गई है।सीसीआई के द्वारा क्षेत्र के किसानों से अपील की गई है कि वह अपनी कपास की फसल को कृषि उपज मंडी प्रांगण में लाकर ही बेचे।

### मात्र 5 गाड़ियां आई पहले दिन मंडी परिसर में

मंडी परिसर में सीसीआई की खरेदि शुरू होने के बाद पहले दिन मात्र पांच कपास की गाड़ियां ही आई है। शुभारंभ के बाद में दिनभर मंडी परिसर में सन्नाटा छाया है। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार वर्तमान में सौसर क्षेत्र की निजी जिनिंगों में किसानों को 6800 का भाव मिल रहा है। वही सीसीआई के द्वारा कपास को 7690 से लेकर 8010 प्रति क्विंटल तक भाव दिया जा रहा है। बावजूद इसके किसानों का रुझान मंडी की ओर नहीं आ रहा है। कहां जा रहा है कि पेटी व्यापारियों के द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में किसानों के घर-घर जाकर कपास खरीदी के पूर्व प्रलोभन देकर फसल का एडवांस कर्जा दिया जाता है। जिसके चलते किसानों को मजबूरी में निजी जिनिंग फैक्ट्रीयो में जाना पड़ रहा है।

## मंडी परिसर में नहीं हो रही मक्के की खरीदी

इस वर्ष बड़े पैमाने पर सौसर क्षेत्र में मक्के का उत्पादन हुआ है। बावजूद इसके मंडी परिसर में मक्के की खरीदी शुरू नहीं किया गया है। मंडी परिसर में मक्के की खरीदी शुरू नहीं होने के चलते मजबूरी में क्षेत्र के किसानों को अपनी फसल पेटी व्यापारियों को बेचना पड़ रहा है। सौसर क्षेत्र से बड़े पैमाने पर पेटी व्यापारियों के द्वारा मक्के की फसल की खरीदी कर महानगरों की ओर पहुंचा जा रहा है। जिसके चलते मंडी के राजस्व का नुकसान हो रहा है। नियम से मक्का फसल की खरीदी मंडी परिसर में होनी चाहिए परंतु क्षेत्र की जिम्मेदार जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारियों कि इस मामले में चुप्पी केचलते कृषि मंडी में मक्के की फसल नहीं आ रही है। औद्योगिक क्षेत्र,ओर ग्राम सिलोरा में एथेनॉल कंपनियों का संचालन किया जा रहा है। इन कंपनियों बड़े पैमाने पर सौसर क्षेत्र का मक्का छोड़कर अन्य जिलों से हजारों क्विंटल मक्के की फसल की खरीदी की जा रही है।

## बौद्ध समिति करेगी भारतीय संविधान के प्रियमबल का वितरण

**सौंसर।** बुधवार 26 नवम्बर पर भारतीय संविधान दिवस के अवसर पर बौध्द नवयुवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर की ओर से प्रतिवर्ष अनुसार इस वर्ष भी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। बौध्द नवयुवक युवति परिचय सम्मेलन समिति सौसर जन्मदाता डॉ अशोक भगत मार्गदर्शन मुरलीधर कामले, अध्यक्ष मुकेश बागडे,लष्मीदास बोरकर,मिलिद बंसोड़,राजेश बागड़े,सिद्धार्थ सोमकुंवर,दिवाकर बागड़े ने बताया कि संविधान दिवस के अवसर पर बुधवार 26 नवंबर को सुबह 12 बजे संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब अंबेडकर प्रतिमा सामने माल्यार्पण किया जाएगा, और भारतीय संविधान के प्रिंबल का वाचन किया जाएगा,वही नगर ओर औद्योगिक क्षेत्र के ग्रामों में पहुंचकर भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वचन शासकीय अर्थशासकीय कार्यालय बौद्ध विहारों, स्कूलों में भारतीय संविधान के प्रस्तावना का वितरण किया जाएगा।इस दौरान समिति की ओर से बुद्ध फूले, बिरसा मुंडाअंबेडकरी मिशन से जुड़े हुए विभिन्न संगठनों के पदाधिकारी सदस्यों को अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने की अपील की गई है।

## भाजपा सरकार किसानों की विरोधी है : विधायक



**सौंसर।** किसानों की समस्याओं को लेकर आगामी 28 नवंबर को सौसर नगर में पूर्व सांसद नकुलनाथ की प्रमुख उपस्थिति में किसान आक्रोश रैली एवं आम सभा को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के द्वारा जनसंपर्क किया जा रहा है।आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में किसान एवं ग्रामीण उपस्थित हो इस उद्देश्य को लेकर निरंतर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ग्रामीण एवं किसानों की बैठके भी ली जा रही है। मंगलवार को विधायक विजय चौरे ग्रामीण क्षेत्र खेरिपथा, नंदेवानी, मुंगनापार, देवली मराम,खाड़सिवनी,मोहगाव हवेली आदि ग्रामो में नुक्कड़ सभाओ में भाजपा सरकार की जनविरोधी नीतियों से ग्रामीणों को अवगत कराते हुए कहा कि भाजपा की सरकार किसान विरोधी सरकार है। भाजपा सरकार के राज्य में किसानों को आत्महत्या करनी पड़ रही है।

## गांवों में हो रही किसान आक्रोश रैली के लिए नुक्कड़ सभाएं



**सौंसर।** किसानो की समस्याओं को लेकर कांग्रेस की ओर से आगामी 28 नवंबर को सौसर में होने वाले किसान आक्रोश रैली को लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में जनसंपर्क कार्यक्रम चलाया जा रहा है। तीसरे दिन सोमवार को विधायक विजय चौरे, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष डॉ राजेंद्र यमदे,विलास जोगी ने कांग्रेस नेताओं के साथ ग्राम कबर पिपला सावगा,ब्राहण पिपला मालेगाव,पारड़सिंगा,खेरितयगाव तीनखेड़ा साईंखेड़ा बोरगांव रेमंड चोक आदि ग्रामों में नुक्कड़ सभाओ में भाजपा सरकार की जन विरोधी नीतियों एवं किसानों के साथ में फसल को लेकर हो रहे अन्याय के संबंध में जानकारी दी गई। इस दौरान कांग्रेस नेताओं के द्वारा 28 नवंबर को सौसर के बाजार चौक में पूर्व सांसद नकुलनाथ की प्रमुख उपस्थिति में किया जा रहे आंदोलन में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित रहने को लेकर ग्रामीणों से निवेदन किया जा रहा है।

## जिला स्तरीय राज्य जैव विविधता क्विज संपन्न



**पांढुर्ना।** आज स्थानीय सांदीपन विद्यालय में जिलास्तरीय मध्यप्रदेश राज्य जैवविविधता क्विज 2025 का सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस क्विज में जिला पांढुर्ना के 62 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के 186 छात्र छात्राओं का पंजीयन किया गया है। इसमें 52 शालाओं के 156 विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। क्विज परीक्षा के उपरांत जैवविविधता संबंधित विडियो दिखाए गए। मूल्यांकनकर्ताओं द्वारा उत्तर पुस्तिकाओं की जांच कर प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पानेवाले विद्यार्थियों के नाम का चयन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में एडिशनल कलेक्टर नीलमणि अग्निहोत्री, उप वनमंडलाधिकारी प्रमोद चोपडे, बीईओ एचबी हांडे, प्राचार्य सी बरेठ, दीपक तिरपुडे, रेंजर प्रभुराम मुछाला तथा वनक्षेत्रपाल अनीता सूर्यवंशी उपस्थित रहे। इन अतिथियों ने प्रथम स्थान प्राप्त रामाकोना शाला के कु. प्रेरणा रूंधे, प्रिया जुनघरे, जानवी पोपटे, द्वितीय स्थान सांदीपनी पांढुर्ना की मिनाक्षी कुरवाडे, मोनिका ढोबले, मेधा जुमडे, तृतीय स्थान प्राप्त लिटिल फ्लावर पांढुर्ना के आशुतोष माटे, वेदिका डोंगरे तथा हर्ष रेवतकर को शील्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। यह कार्यक्रम वनसंरक्षक वन वृत्त छिंदवाडा मधु राज तथा वनमंडलाधिकारी पांढुर्ना सचिन एच नडगड्डी के निर्देशन में हुआ।

## सिविल अस्पताल को मिला 3 फेज कनेक्शन आज से शुरू होगी मशीनों की ट्राइल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

100 बिस्तरों वाले परासिया सिविल अस्पताल में बिजली के 3 फेज कनेक्शन के अभाव के चलते धूल खा रही मशीनें अब मरीजों की सेवा में आ सकेंगी । क्योंकि अस्पताल को बिजली का 3 फेज कनेक्शन मिल गया है ।परासिया सिविल अस्पताल में मरीजों के बेहतर इलाज के लिए मौजूद विभिन्न उपकरण जैसे एक्स रे मशीन , सोनोग्राफी मशीन , ई सी जी मशीन आदि बिजली के 3 फेज कनेक्शन उपयोग में नहीं थे । यहां 3 फेज कनेक्शन के लिए कई बार शासन - प्रशासन से मांग की गई । कप सिरप कांड के दौरान मृत बच्चों के परिजनों से मिलने आए मुख्य मंत्री मोहन यादव से न्यूटन में मृतक अदनान के परिजनों ने भी यह बात मुख्य मंत्री के संज्ञान में लाई गई । उन्होंने तत्काल उनके साथ मौजूद सांसद बंटी साहू को इसके लिए निर्देशित किया और श्री साहू ने कलेक्टर हरेंद्र नारायण को निर्देशित किया । इस दौरान 3 फेज कनेक्शन को मांग को लेकर खबरें भी प्रकाशित हुई । प्रभारी मंत्री के आगमन पर भी उनके संज्ञान में लाया गया । बी एम ओ अंकित सहलाम ने बताया कि , दो दिन पूर्व ही बिजली विभाग द्वारा अस्पताल में 3 फेज कनेक्शन शुरू किया गया है । आज सोनोग्राफी मशीन की ट्राइल होगी । सब कुछ सही होने पर मरीजों की सोनोग्राफी , एक्स रे , ई सी जी आदि अस्पताल में ही होगी ।



## 5 लोगों का होगा उपचार पूर्व राज्यमंत्री मोहोड़ के प्रयासों से

**सौंसर।** पूर्व राज्यमंत्री नाना मोहोड़ की पहल सांसद विवेक 'बंटी' साहू की अनुशंसा पर मुख्यमंत्री स्वेच्छानुदान से पाँच जरूरतमंद मरीजों को उपचार हेतु आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। भाजपा कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार आर्थिक रूप से कमजोर इन मरीजों को गंभीर बीमारियों के उपचार में सहायता संभव होगा।लाभार्थी लोगों में अनिल कराडे लिंगा 65,000 रुपए विजेता सकोम सौसर 10,000 रुपये, बिल विलास मोजरकर सौसर 35,000 रुपये सुनंदा वाडेकर 30,000 रुपये दीपक काटवले 50,000 रुपये का समावेश है।*सहायता राशि मंजूर होने पर सभी जरूरतमंद लाभार्थियों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, सांसद विवेक बंटी साहू तथा पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड़ के प्रति हृदय से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस सहयोग से उनके उपचार का मार्ग सुगम हुआ है और परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

## जल उपयोगिता समिति के फैसले का विरोध, 27 को सड़क पर उतरेंगे किसान

**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** विधानसभा क्षेत्र कटंगी-खैरलांजी के किसान 27 नवंबर को दो राज्य की सीमा में बसे तिरोड़ी तहसील के ग्राम बोनकट्टा में सड़क पर उतरकर विरोध प्रदर्शन करने की तैयारी में है। पठार संघर्ष समिति और राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ ने जल उपयोगिता समिति के फैसले का विरोध करते हुए प्रशासनिक अधिकारियों से फैसला वापस लेने की मांग को लेकर बोनकट्टा में बैठक करने का फैसला लिया है। इसे ही किसान आंदोलन का नाम दिया गया है। गत दिवस 30 अक्टूबर को जनप्रतिनिधियों और प्रशासनिक अधिकारियों की मौजूदगी में जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक संपन्न हुई थी। इस बैठक में लघु, मध्यम और वृद्ध सिंचाई परियोजनाओं में पानी की उपलब्धता के आधार पर रबी के सीजन में धान के लिए पानी दिया जाना संभव नहीं है यह भी तय करते हुए केवल रबी की प्रमुख फसल गेहूं, चना, उड़द, सूरजमुखी और कुसुम को ही पानी आंवटित करना सुनिश्चित किया गया है। इस फैसले का किसानों के द्वारा जमकर विरोध किया जा रहा है। दरअसल, कटंगी की मध्यम सिंचाई परियोजना नहलेसरा, जमुनिया जलाशय और तिरोड़ी तहसील के ग्राम कुड़वा में स्थापित दो राज्यों की संयुक्त सिंचाई परियोजना के लिए बने कुड़वा डैम के जरिए रबी के सीजन में



मिलने वाले पानी से किसान धान और गन्ने का उत्पादन करते है। लेकिन बैठक में समिति ने धान के लिए पानी नहीं दिए जाने का फैसला ले लिया है जिससे धान उत्पादक किसान बेहद चिंतित और परेशान है इसी तरह का डर पठार अंचल के करीब 20 से अधिक गांवों के गन्ना उत्पादक किसानों में भी है।

किसानों के आंदोलन के फैसले के बाद गत प्रशासनिक अमले से लेकर राजनीतिक महकमे में भी हलचल मची हुई हैं। किसानों के आंदोलन की सूचना मिलते ही विधायक ने भी जल संसाधन सिंचाई विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक ली। आंदोलन की इस चेतावनी के बाद कृषि विभाग डिप्टी डायरेक्टर फूलसिंह मालवीय, वरिष्ठ कृषि विस्तार अधिकारी एच.सी. डहेरिया, कृषि विस्तार अधिकारी महेंद्र मर्सकोले ने 22 नवंबर को पठार अंचल के गांवों का दौरा किया। इन अधिकारियों ने आंजनबिहरी में पठार संघर्ष समिति संयोजक सरपंच दीपक पुष्पतोड़े और किसानों के साथ चर्चा भी की। अधिकारी किसानों को यह समझते रहे कि वह रबी के सीजन में हल्की फसल का उत्पादन करें लेकिन किसानों ने साफ कर दिया है कि वह विभाग द्वारा चिन्हित की गई फसलों का उत्पादन करने में पूरी तरह से असमर्थ हैं। किसानों ने तो यहां तक कहां है कि अगर विभाग द्वारा चिन्हित फसल लगाकर अधिक मुनाफा कमाया जा सकता है तो विभाग ही किसानों की जमीन को ठेके पर लेकर फसल का उत्पादन कर ले। आखिरकार किसानों के इस जवाब के बाद अधिकारी निरूत्तर होकर वापस लौट गए।

राष्ट्रीय किसान मजदूर महासंघ जिलाध्यक्ष खोवेन्द्र तुरकर ने बताया कि नहलेसरा और जमुनिया से मिलने वाले पानी से क्षेत्र का किसान धान का उत्पादन करते है। गेहूं-चना लगाने के लिए किसानों को खरीफ के सीजन में लगने वाली प्रमुख फसल धान की कटाई के बाद ही जमीन तैयार करनी पड़ती है। किंतु बड़ी संख्या में किसान ऐसा ना करते हुए धान का उत्पादन करते है। किसानों को खेती के लिए भी जो बिजली प्रदान करना तय किया गया है उसके वितरण की प्रणाली की व्यवस्था ठीक नहीं है एक साथ बिजली प्रदान ना कर अलग-अलग वक्त में बिजली दिए जाने से भी किसान परेशान है।

### 7 दिवसीय समवशरण विधान के समापन पर निकली भव्य शोभा यात्रा

## 24 तीर्थंकरों ने पालकी में बैठकर किया नगर भ्रमण

### हाथी, रथ, घोड़े रहे आकर्षण का केन्द्र



**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी। दिगम्बर जैन पंचायत वारासिवनी के तत्वावधान में 7 दिवसीय समवशरण विधान का आयोजन भाजी मंडी परिसर में 17 नवम्बर से 24 नवम्बर तक किया गया। इस दौरान विभिन्न धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन प्रातः काल, दोपहर व संध्या में किया गया। जिसमें जैन समाज के धर्मावलंबियों द्वारा भाग लिया गया।**

समवशरण विधान का आयोजन माताजी 105 आर्यिका भावनामति जी, माता जी 105 आर्यिका सदयमति माताजी, पूज्य 105 आर्यिका भक्तिमति माताजी व ससंघ के आशीर्वाद एवं ब्रह्मचारी कीर्ति दीदी, शमिली दीदी, ब्रम्हचारी संजीव भैया, अरुण भैया, विकास भैया, अनुज भैया, अगम्य भैया के मार्गदर्शन में हर्ष और उल्लास के साथ किया गया।

**प्रतिदिन सुबह अभिषेक, शांति धारा व पूजा पाठ हुईः** आयोजन में प्रतिदिन सुबह साढ़े 6 बजे श्री जी का अभिषेक, शांति धारा एवं पूजा के साथ समवशरण विधान प्रारम्भ किया जाता रहा। इस विधान में जैन आगम के अनुसार प्रमुख महापात्रों का चयन कर उन्हें उपाधि प्रदान की जाती हैं। जिसमें भरत चक्रवर्ती, सौधर्म इंद्र, कुबेर इंद्र, ईसान इंद्र, यक्ष, यज्ञनायक, महायज्ञ नायक, मंडलेश्वर बाहुबली इस तरह से लगभग 21 महापात्रों का चयन होता है।

**दिगम्बर जैन मंदिर से निकाली गई भव्य शोभा यात्राः** समवशरण विधान के समापन पर अंतिम दिन 24 तीर्थंकरों की विशाल शोभा यात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से निकाली गई। इस भव्य शोभा यात्रा में बैलगाडिय़ों व हाथ ठेले में मुनि श्री विद्यासागर जी महाराज के फ्लैक्स को गुब्बारों से सजाया गया था, उसके पीछे पीछे 24 तीर्थंकरों की प्रतिमाओं को डोल में रखकर उसे अपने कंधों पर रखकर जैन धर्मावलंबी पीत वस्त्र पहने हुए चल रहे थे। उनके साथ जैन समाज की महिला व पुरुष अपने हाथों में ध्वज पताका को लेकर उसे फहराते हुए चल रहे थे। इस शोभा यात्रा में गजराज पर सवार भरत चक्रवर्ती के साथ ही स्वर्ण जनित रथों पर अन्य देवी देवता के रुप में सवार लोगों के साथ ही घोड़ो पर सवार लोग नागरिकों के विशेष आकर्षण का केन्द्र बने हुए थे।

**नगर भ्रमण कर वापस पहुँची कार्यक्रम स्थलः** यह शोभा यात्रा दिगम्बर जैन मंदिर से निकल कर गोलीबार चौक, आंबेडकर चौक, नेहरु चौक, जय स्तम्भ चौक से होकर वापस पुनः जैन मंदिर पहुँची। जहाँ पर विधान का समापन करने के उपरांत पूजा, पाठ, हवन कर कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में जैन समाज अध्यक्ष मुकेश मॉडल, कोषाध्यक्ष प्रदीप पाईया, अजीत जैन, सचिव आलोक जैन, नवयुवकों में वितीत जैन, पराग जैन, राहुल जैन, सम्यक, निशांत, प्रतीक, प्रखर आदि अन्य नवयुवकों के साथ महिला मंडल में सुनीता मॉडल, प्राची प्रदीप जैन, नीतू जैन, महिला मंडल व बालिका मंडल का उल्लेखनीय सहयोग रहा।

## जन अभियान परिषद बैहर द्वारा शहीद आशीष शर्मा को दी गई भावभीनी श्रद्धांजलि



हरिभूमि न्यूज उकवा।

शासकीय अरण्य भारती महाविद्यालय बैहर में मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम द्वारा शहीद आशीष शर्मा के व्यक्त किये हाल ही में हुई का मौन धारण कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की।अपने उदबोधन में बताया गया कि आशीष शर्मा मध्य प्रदेश हॉक-फोर्स के जांबाज़ अधिकारी थे, जो 19फ़रवरी 2025 को छत्तीसगढ़-महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश की सीमा पर नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हो गए 2016 में पुलिस में आरक्षक के तौर पर भर्ती हुए, फिर सब-इंस्पेक्टर और अंत में आउट-ऑफ़-टर्न" प्रमोशन पाकर इंस्पेक्टर बने। 29साल की उम्र में ही दो बार गैलेंट्री मेडल जीत चुके थे बोर तालाब (राजनांदगांव) के घने जंगलों में नक्सलियों के ठिकाने की सूचना पर संयुक्त ऑपरेशन चलाया गया। टीम का नेतृत्व खुद आशीष कर रहे थे, तभी घात लगाकर हुई गोलीबारी में वे शहीद हुए शादी की तैयारियां चल रही थीं; जनवरी में उनका विवाह तय था, पर शहादत ने सब कुछ बदल दिया जिसमें उपस्थिति विकासखंड समन्वयक महेश पटले परामर्शदाता सुश्री आकांक्षा तेकाम श्री शिवनाथ यादव श्री सुरेश यादव भंवर सिंह मेरावी श्रीमति संगीता उइके संदीप गजभिये अभय यादव, ज्योति कुर्वेती, मोनिका ठाकरे, नीलिमा यादव एवं मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास पाठ्यक्रम के छात्र बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

## शक्ति विद्या मंदिर एजुकेशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



हरिभूमि न्यूज कटंगी।

कटंगी शहर के अर्जुननाला में स्थित शक्ति विद्या मंदिर एजुकेशन ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में मंगलवार को ग्रामीण खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में ग्रामीण अंचलों में पारम्परिक तौर पर खेले जाने वाले खेल जैसे रस्साकशी, खो-खो, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया। जिसमें कॉलेज के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक हिस्सा लिया। जिला पंचायत सदस्य श्रीमती केसर बिसेन के मुख्य आतिथ्य, विक्रमजीत सिंह सनातन धर्म कॉलेज, कानपुर के सहायक प्राध्यापक डॉ अनिल द्विवेदी बतौर अतिथि के रूप में शामिल हुए। इन अतिथियों ने मां सरस्वती के छायाचित्र का पूजन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ करवाया। जिला पंचायत सदस्य केसर बिसेन ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में प्रतिभाएं छिपी हुई होती है उन्हें निखारने की जरूरत होती है। स्कूल से लेकर कॉलेज में होने वाले आयोजन यहीं काम करते है। डॉ अनिल द्विवेदी ने कहा कि कॉलेज स्तर पर आयोजन होने वाली प्रतियोगिताओं से खिलाड़ियों को विकासखंड से लेकर जिला और प्रदेश स्तर तक खेलने का अवसर मिलता है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश सरकार अग्रसर है। विद्यार्थियों ने इन खेलों को अत्यंत उत्साह और पूरे जोश के साथ खेलते हुए खेल भावना का परिचय दिया। खेलों के दौरान ऐसा प्रतीत हो रहा था मानो सभी विद्यार्थी अपने बचपन की सुनहरी यादों में लौट आए हों। इस दौरान आदित्य बिसेन, सहायक प्राध्यापक उमाशंकर देशमुख, सहर जावेद, सुभाष नंदी, ओम राजपुत, एन.के.पटले सहित अन्य जन मौजूद रहे।

## ग्राम खैरी में तीन स्थानों पर नौ लाख रूपयों की लागत से बनेगा सभामंच

### क्षेत्र के विकास के लिए मिली राशि पर आपका पूरा हक-विवेक पटेल

**हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।** जनपद पंचायत खैरलॉजी के अंतर्गत ग्राम खैरी में विधायक विवेक विक्की पटेल के हस्ते वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी, चक्रवर्ती राजा भोज एवं छत्रपति शिवाजी महाराज प्रतिमा के प्रांगण में 9 लाख रूपये की लागत से बनने वाले सभा मंच का भूमिपूजन किया गया, सभा मंच का निर्माण विधायक विकास निधि से किया जायेगा, यह राशि विधायक विवेक विक्की पटेल द्वारा प्रदाय की गई हैं।

विधायक श्री पटेल के खैरी पहुँचने पर आयोजकों द्वारा उनका भव्य स्वागत किया गया। उसके बाद बैंड बाजे की धुन पर उन्हें कार्यक्रम स्थल पर ले जाया गया। जहॉ पहुँचने के बाद विधायक श्री पटले व अतिथियों द्वारा वीरांगना रानी अवंतीबाई, चक्रवर्ती राजा भोज व छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया गया।

मंचीय कार्यक्रम के दौरान भाजपा के कर्मठ कार्यकर्ता व पूर्व सरपंच डॉक्टर गोविन्द दशहरे ने कांग्रेस पार्टी का हाथ थामा। जिन्हें विधायक विवेक विक्की पटेल ने कांग्रेस पार्टी का गमछा पहना कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई।

इस अवसर पर ग्रामीणों को संबोाति करते हुए विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि क्षेत्रीय विकास के अंतर्गत हमारे महापुरुषों के प्रांगण में यह सभा मंच स्वीकृत किया गया है। जिसके बनने से गांव में आप सभी बैठक सहित अन्य कार्यक्रम कर सकेंगे, गांव के मसले सुलझाने का कार्य करेंगे। क्षेत्र में विकास करना हमारी पहली प्राथमिकता है और इसके लिए विविध स्तर पर कार्य किये जा रहे है। हम सभी मिलकर कार्यों को गति देंगे, आप सभी की मांगों को प्राथमिकता दी जाएगी।

**खबर संक्षेप**

## आज कांग्रेस मनायेगी संविधान दिवस

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** स्वतंत्र भारत की अमूल्य धरोहर, भारत देश की आत्मा भारतीय संविधान के अंगीकार दिवस 26 नवम्बर 2025 को ''संविधान-दिवस'' के पावन अवसर पर कार्यालय जिला कांग्रेस कमेटी इंदिरा भवन सिवनी में संविधान दिवस मनाया जायेगा, इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में संगोष्ठी का आयोजन रखा गया है।
जिला कांग्रेस अध्यक्ष नरेश मरावी ने समस्त कांग्रेस जनों से संविधान दिवस पर आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति हेतु अपील की है।

# शादी समारोह में चले लात घूंसे, आधा दर्जन घायल

सिवनी। शादी समारोह आनंद उत्सव के बीच संपन्न होता है। जिसमें अभी वर्तमान में नाचने गाने का फैशन बहुत ज्यादा प्रचलन पर है। हर समाज की शादी विवाह में संगीत का कार्यक्रम और बारात में महिलाओ-पुरुष के नाचने का कार्यक्रम शादी का एक जरूरी और अहम हिस्सा बन गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

वही शादी की खुशियां इसी नाच गाने के बीच में अगर लड़ाई-झगड़ा की स्थिति निर्मित कर देता है तो शादी समारोह की खुशियां कई बार मातम में बदल जाती है। इसमें कहीं किसी की मौत हो जाती है, कहीं कोई घायल हो जाता है।
मामला थाने में पहुंचता है तो खुशी का माहौल गमगीन होने पर दोनों पक्षों को बाद में इसका काफी पछतावा होता है। इसी प्रकार का एक मामला कोतवाली थाना में सोमवार की रात पहुंचा। जहां प्रजापति परिवार में हो रही शादी समारोह में सोमवार की रात लगभग 11.30 बजे राजशशि लॉन में आयोजित प्रजापति परिवार में शादी के दौरान डीजे में बज रहे गाने की धुन व अपने-अपने मनपसंद गाना लगाए जाने सहित अन्य मामलों को लेकर युवाओं में जमकर मारपीट हुई।



### पाईप, लात घुसो से मारपीट

सोमवार की रात 11.30 बजे जब बारात लग रही थी तभी लडक़ी पक्ष के आशु प्रजापति और दूसरे पक्ष जमुनिया करहैया गांव से आए हुए युवकों के बीच में नाचने गाने को लेकर विवाद हो गया। यह विवाद देखते ही देखे इतना बढ़ गया कि युवक एक दूसरों को मारने-मरने पर उतारू हो गए। लॉन के परिसर में रखें लोहे के पाइप व प्लास्टिक के पाइप व अन्य सामान उठाकर एक दूसरे पर लोग मारने लगे। इस मारपीट में आशु प्रजापति को चोट आई है तथा दूसरे पक्ष में अनिल प्रजापति को भी चोट आई है।

**दोनों पक्षों के बीच दर्ज काउंटर केस**

कोतवाली थाना प्रभारी सतीश तिवारी ने बताया कि मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के लोग घायल हुए हैं और दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर आशु प्रजापति, अनिल प्रजापति, अभिषेक प्रजापति, राजू प्रजापति, देवेश प्रजापति, मोनू प्रजापति, शक्ति प्रजापति व अन्य अनिल प्रजापति सहित कुछ अन्य लोगों पर धारा 296 (6), 115 (2), 118(1), 351(2), 3(5), बीएनएस का मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है।

### सभी आपस में रिश्तेदार, पड़ोसी

सभी एक दूसरे के चाचा-भतीजा, काका-बाबा के लडक़े सगे संबंधी भी हैं। घायल अनिल व आंसू का उपचार जिला अस्पताल सिवनी में चल रहा है। पुलिस ने दोनों पक्षों की रिपोर्ट पर काउंटर केस दर्ज कर मामले की जांच में टूट गए हैं।

# शासकीय माध्यमिक विद्यालय भोंगाखेडा के बच्चे तरस रहे पीने के पानी के लिए




**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** शासन की योजना अनुसार प्रत्येक शाला में पढने वाले बच्चो के लिए पीने के साफ पानी, मध्यान्ह भोजन बनाने हेतु पानी एवम शौचालय में पानी की व्यवस्था और क्लास रूम में साफ सफाई करने के निर्देश दिए गए हैं जिस हेतु नल जल योजना के नल भी लगे है साथ ही शालाओ में चपरासी की नियुकि भी की गई है। जिले में अपनी कार्यप्रणाली और संसाधनों की उपलब्धता के लिए प्रसिद्ध शासकीय माध्यमिक विद्यालय भोंगाखेडा में वर्तमान जुलाई माह से बच्चे पीने के पानी के लिए तरस रहे हैं शाला में पदस्थ पियून अरविंद सिंह कुंजाम को जुलाई माह से एस डी एम कार्यालय में संलग्न कर लिया गया है पालकों और ग्रामवासीयो के द्वारा बार बार लिखित आवेदन देने पर भी कार्यमुक्त नहीं किया जा रहा है। जिससे बच्चो को पीने के पानी एवं शौचालय हेतु पानी कीभीषण समस्या बनी हुई है।
प्रधान पाठक संजय तिवारी ने बताया की 2 जुलाई को अरविंद सिंह कुंजाम को धरती आबा के लिए बुलाया गया था अभी तक एस डी एम कार्यालय में ही है।
पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष राकेश बघेल ने बताया की एस डी एम को पत्र देने पर भी कार्यमुक्त नहीं किया गया है। चपरासी को कार्यमुक्त किया जाए।

## प्रतिबंधित क्षेत्र में दो भारी वाहनो के प्रवेश पर लगाया 10000 जुर्माना

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन मे यातायात पुलिस सिवनी द्वारा नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के विरुद्ध निरंतर कार्रवाई की जा रही है। जिला दंडाधिकारी सिवनी द्वारा नगर क्षेत्र में प्रातः 7:00 बजे से लेकर दोपहर 2:00 बजे तक एवं शाम 4:00 बजे से लेकर रात्रि 10:00 बजे तक भारी वाहनों के आवागमन को निषेध किया गया है। जिसका पालन कुछ वाहन चालकों द्वारा नही किया जाता है। ऐसे ही प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने वाले दो वाहनों पर यातायात पुलिस द्वारा कार्यवाही करते हुए वाहन क्रमांक **CG** 07 **CU** 4868 पर बरघाट रोड पर प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने एवं बॉडी से बाहर समान भरने पर थाना प्रभारी यातायात द्वारा कार्यवाही करते हुए 5500 /-रूपये वाहन क्रमांक **UP** 63 **CT** 2637 पर प्रतिबंधित क्षेत्र में आवागमन करने पर सहायक उप निरीक्षक रघुवीर सिंह परिहार द्वारा कार्यवाही करते हुए 5000/- रुपए का जुर्माना किया जाकर कुल 10500/- रुपए का समन शुल्क वसूल किया गया ।

# चाय पीने के बहाने 20 वर्षीय युवती से चार युवकों ने किया रेप, पहुंचे जेल



हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

सिवनी जिले के डूंडासिवनी थाना क्षेत्र से एक बेहद चौंकाने वाली और दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है। कंडीपार रोड स्थित अशोक सुंदरी कैफे में एक 20 वर्षीय युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला सामने आया है। पीड़िता की शिकायत के बाद पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिससे क्षेत्र में दहशत और आक्रोश दोनों बढ़ गए हैं।

**यह शर्मनाक घटना रविवार देर रात की बताई जा रही है। सोमवार सुबह पीड़िता ने साहस दिखाते हुए डूंडासिवनी थाने पहुंचकर मामले की जानकारी दी। पुलिस ने शिकायत दर्ज करते ही कार्रवाई शुरू की और सभी चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत किया, जहां से उन्हें सीधे जेल भेज दिया गया।**
पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी बंडोल थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं। इनमें शामिल हैं गोपाल बरमैया (21), निवासी बखारी शेरा रजक (21), निवासी कुकलाह अतुल रजक (23), निवासी बखारी संदीप जंघेला (28), निवासी बंडोल जांच में सामने आया कि मुख्य आरोपी गोपाल बरमैया गांव में एक छोटा होटल/चाय-नाश्ता दुकान चलाता है। अन्य आरोपियों में से एक खेती करता है, एक डीजी साउंड सिस्टम में काम करता है और एक अभी पढ़ाई कर रहा है
सबसे चौंकाने वाली बात यह सामने आई है कि पीड़िता मुख्य आरोपी गोपाल को पहले से जानती थी। रविवार देर शाम गोपाल ने युवती को 'चाय पीने' के बहाने कैफे बुलाया, जहां कुछ देर बाद उसके तीन अन्य दोस्त भी वहां पहुंच गए।
इसके बाद आरोपियों ने युवती के साथ सामूहिक दुष्कर्म किया। यह घटना न केवल दिल को झकझोर देने वाली है, बल्कि यह भी दर्शाती है कि विश्वास का किस तरह दुरुपयोग किया गया।

### धमकी देकर बस स्टैंड पर छोड़ गए आरोपी

वारदात के बाद आरोपियों ने पीड़िता को घटना किसी को न बताने की धमकी दी और उसे बस स्टैंड पर छोडक़र फरार हो गए। भयभीत युवती ने हिम्मत जुटाई और तुरंत डूंडासिवनी थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई।
थाना प्रभारी चैनसिंह उइके ने पुष्टि की कि सभी आरोपियों के खिलाफ सामूहिक दुष्कर्म का केस दर्ज कर लिया गया है। साथ ही उन्हें गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है।
सिवनी एसडीओपी श्रद्धा सोनकर ने भी पूरे मामले की पुष्टि करते हुए कहा कि आगे की जांच तेजी से जारी है।
इस वारदात के बाद इलाके में आक्रोश और भय दोनों की स्थिति है। स्थानीय लोग सवाल उठा रहे हैं कि आखिर इस तरह की घटनाओं को रोकने के लिए क्या कड़े कदम उठाए जा रहे हैं।
पीड़िता के साहस और पुलिस की त्वरित कार्रवाई की सराहना हो रही है, लेकिन साथ ही समाज में महिलाओं की सुरक्षा का मुद्दा एक बार फिर प्रमुखता से सामने आ गया है।

# शतचंडी महायज्ञ, गो प्रतिष्ठा एवं राम कथा, मानस सम्मेलन का आयोजन

### राष्ट्रीय संत विपिन बिहारी जी की कथा आज

धूमा घूरवाड़ा राष्ट्रीय राजमार्ग में स्थित नंदिनी गौशाला सर्व सिद्ध आश्रम (दादा दुल्हा देव महाराज परिसर के संमुख) दिनांक 25 नवंबर से 4 दिसंबर तक गौ प्रतिष्ठा शत चंडी महायज्ञ एवं मांनस सम्मेलन, अनंत श्री विभूषित पूज्य पाद जगत गुरु द्वारका शारदा पीठाधीश्वर शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज के पावन सानिध्य में एवं पंडित राजकुमार शास्त्री परमहंसी गंगा आश्रम से पधारे आचार्य श्री के द्वारा दिनांक 25 नवम्बर से भव्य कलश यात्रा धूमा घूरवाडा होते हुए यज्ञ स्थल मे पहुँचकर पंचांग पूजन गो पूजन करने के उपरांत देव आवाहन व मंडप प्रवेश के साथ सनातन धर्म की अलख जगाने वाले राष्ट्रीय संत गोपीठाधीश्वर संपूर्ण भारत सहित बुंदेल खंड में अपनी अलग पहचान बनाने वाले विपिन बिहारी दास जी महाराज के मुखारविंद श्री राम कथा दोपहर 1 से प्रारंभ होगी।



जिसमें प्रतिदिन अलग अलग बाहर से आए हुए संतो के द्वारा राम कथा का बखान किया जाएगा । गौ प्रतिष्ठा शत चंडी यज्ञ एवं बाहर प्रदेशों से आए मानस विद्वानों के द्वारा दोपहर प्रतिदिन 1 बजे से श्री राम कथा के प्रवचन किए जाएंगे । इस महायज्ञ एवं मानस सम्मेलन में दूर-दूर से श्रद्धालु जनों की आने के लिए नंदिनी गौशाला के अध्यक्ष उमाशंकर शास्त्री जी के द्वारा अपील की गई है वही विप्र बंधुओं के लिए भोजन प्रसादी की व्यवस्था रखी गई है । जहा धर्म प्रेमी बंधु लाभ उठावे।

# सर्पदंश से एक व्यक्ति हुई मौत, इस वर्ष जनपद क्षेत्र में लगभग एक दर्जन लोग सर्पदंश का शिकार हुए

**छपारा - जनपद क्षेत्र के ग्राम पंचायत मुंडरई में कल सोमवार शाम को एक व्यक्ति सर्पदंश का शिकार हो गया बताया जा रहा है कि सर्प इतना जहरीला था कि ईलाज का भी मौका नहीं मिल पाया।**



ज्ञात हो कि इस वर्ष जनपद क्षेत्र में सर्पदंश से लगभग एक दर्जन लोगों के मौतों का आंकड़ा पहुंच गया है जहां अधिकांश जगहों पर सर्पदंश होने पर पीड़ित व्यक्तियों को झाड़-फूंक कराने में समय गंवाया जाना मुख्य वजह रही है, वहीं दूसरी ओर किसी भी व्यक्ति को सर्पदंश होने की स्थिति में तत्काल अस्पताल लाना चाहिए जिससे जल्द से जल्द उपचार पीड़ित व्यक्ति को मिल सके और उसकी जान बचाई जा सके किंतु आज भी जनपद क्षेत्र के दूरस्थ ग्रामीण अंचलों में जागरूकता की कमी के चलते बारिश के बाद भी कुछ महीनों में लगातार सर्पदंश से लोगों के मौतें कि घटना सामने आ रही हैं।
वहीं विगत 24 नबंम्बर को छपारा जनपद क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत मुंडरई निवासी भागवत पिता कुंवर बरकडे 40 वर्ष शाम लगभग 5 बजे के आसपास दिशा मैदान हेतु गांव के पास गया था जहां उसके पैर में जहरीले सर्प ने काट लिया इसके बाद तत्काल वापस घर लौट कर इसकी जानकारी मृतक भागवत ने अपने परिजनों सहित पड़ोसियों को दी तब परिजनों द्वारा स्वास्थ विभाग की 108 एंबुलेंस पर काल लगाने पर बताया गया कि अभी छपारा क्षेत्र में 108 एंबुलेंस वाहन मोजूद नहीं होने से मौके पर एंबुलेंस वाहन नहीं पहुंच पाया और लगभग आधे घंटे में भागवत बरकडे की मौत हो गई। वहीं ग्राम के लोगों ने बताया कि मृतक व्यक्ति भागवत घर में इकलौता कमाऊ व्यक्ति था जिसकी पत्नी और दो छोटे बच्चे अब असहाय हो गए हैं देर शाम परिवार एवं ग्रामीण जनों द्वारा मृतक के शव को नगर के स्वास्थ्य केन्द्र लेकर पहुंचे जहां गया जहां दूसरे दिन मंगलवार को सुबह नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया गया वहीं पूरा मामला पर छपारा पुलिस द्वारा मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है।

# सिवनी के महेंद्र डहरवाल बने राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** सिवनी जिला स्काउट गाइड फेलोशिप, मध्य प्रदेश के संयुक्त सचिव ,अग्रज स्काउट महेंद्र डहरवाल को इंडियन स्काउट एंड गाइड फेलोशिप, नई दिल्ली की राष्ट्रीय कार्यकारिणी में वर्ष 2025-28 के लिए सदस्य मनोनीत किया गया है। फेलोशिप के मीडिया प्रभारी रूपेश कोहरू ने जानकारी देते हुए बताया कि यह मनोनयन हाल ही में इंडियन स्काउट गाइड फेलोशिप की बोलपुर (पश्चिम बंगाल) में आयोजित 19वीं राष्ट्रीय गैदरिंग की वार्षिक साधारण सभा में राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष मैक मक्की द्वारा किया गया है।
महेंद्र डहरवाल शिवाजी मिशन स्काउट ट्रूप, सिवनी के अग्रणी स्काउट रहे हैं, तथा सिवनी जिले में स्काउटिंग के भीष्म पितामह कहे जाने वाले जिला ट्रेनिंग कमिश्नर (स्काउट) आर.पी. कोहरु जी के प्रमुख शिष्यों में से एक हैं। उनका यह चयन सिवनी जिले की स्काउटिंग परंपरा के लिए ऐतिहासिक उपलब्धि है। अब आप पद्मश्री डॉ सैयद किरमानी जी की अध्यक्षता में संपूर्ण देश में भारत स्काउट गाइड फैलोशिप के विस्तार कार्यक्रमो में साथ कार्य करेंगे।



इंडियन स्काउट गाइड फेलोशिप, नई दिल्ली में मध्य प्रदेश का गौरव बढ़ाया

# खैरमाई मंदिर मे सामुदायिक रूप से गीता का पाठन

### ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी होगे कार्यक्रम के मुख्य अतिथि



**हरिभूमि न्यूज केवलारी।** दिनांक 1 दिसंबर गीता जयंती के अवसर पर सैकडो बच्चों के मुखारविंदो से एक साथ होगा गीता पाठ-मध्यप्रदेश में ₹गीता जयंती₹ धूमधाम से मनाई जाएगी। मध्यप्रदेश सरकार के मुख्यमंत्री श्री डा मोहन यादव जी की कृष्ण मय राष्ट्र की सोच पर 1 दिसंबर 2025 एकादशी गीता जयंती पर माता रानी खेरमाई के दरबार मे ब्रम्हलीन जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी -श्री स्वरुपानंद सरस्वती जी महाराज के परम प्रिय शिष्य गीता मनीषी ब्रम्हचारी निर्विकल्प स्वरूप जी महाराज के मुख्य अतिथि मे नगर के शैक्षणिक संस्थानों के सैकडो बच्चों के मुखारविंदो से गीता पाठ होगा ,इस हेतु दिनांक 25 नबम्वर को महेश अग्रवाल एसडीएम के मार्गदर्शन मे स्थानीय गणमान्य नागरिको पत्रकारों कर्मचारीयों की उपास्तिथी मे खैरमाई मंदिर का भ्रमण कर मंच व्यवस्था, बैठक व्यवस्था सहित सभी बिषय मे चर्चा कर भव्यता के साथ गीता जयंती मनाये जाने का निर्णय लिया ।

# वान न्यूमैन पब्लिक हॉयर सेकंडरी स्कूल में हुआ जिला स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता

धनौरा ब्लॉक में प्रथम जिला स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन वान न्यूमैन पब्लिक हॉयर सेकंडरी स्कूल के द्वारा, 23 नवंबर को किया गया। प्रतियोगिता में नरसिंहपुर, मंडला, धूमा, सिवनी, छपारा, केवलारी, लखनादौन, धनौरा, बरघाट, कुरई के 114 प्रतियोगियों ने पार्टिसिपेट किया । ओपन प्रतियोगिता पुरस्कार विजेता सौरभ उईके प्रथम कप एवं नगद राशि, निशांत रजक द्वितीय कप एवं नगद राशि, अथक सदाफल तृतीय कप एवं नगद राशि अंडर 25 टॉप 3 पार्थ राय प्रथम, मयंक साहू द्वितीय, अभिषेक साहू तृतीय अंडर 17 टॉप 3 आर्यन राय प्रथम, अभिराज साहू द्वितीय, आलोक प्रजापति तृतीय अंडर 13 टॉप 3 शाह ओवेश रजा प्रथम, कन्हैया गोल्हानी द्वितीय, अतुल मेहरा तृतीय टॉप 5 गर्ल्स तनिष्का श्रीवास्तव प्रथम, रुचि डहरिया द्वितीय, आयुषी तृतीय, अ$फजा खान चतुर्थ, रिद्धि जैन पंचम टॉप 10 प्लेयर्स बॉयज दीपक साहू प्रथम, जय फुलवाधवा द्वितीय, आदित्य सिंह राजपूत तृतीय, पीयूष शर्मा चौथा, चिराग राजवानी पांचवां अनिल तिरपुड़े छठवां, हार्दिक साहू सातवां, प्रत्यूष सिंह ठाकुर आठवां, गोपाल भाग्य नावां, जयदीप डेहरिया दशवां स्थान प्राप्त किया ।




सभी प्रतियोगियों को प्रोत्साहन पुरस्कार दिया गया। कार्यक्रम में ममलेश पटेल, आशीष जैन, शीलू गोलहनी, विपुल जैन, पूर्व विधायक डी एस मर्सकोले, शिक्षाविद डॉ के के चतुर्वेदी, तारीख खान, अमित मिश्रा, गजेश ठाकरे तथा चेस क्लब के मेंबर की उपस्थिति रही। प्रतियोगिता के ऑर्बिटर राजेश सिहोसे, राहुल जैन, गोविंद पुशम, दुर्गेश तिवारी तथा चीफ ऑर्बिटर अतुल श्रीवास्तव रहे । प्रतियोगिता प्रशांत ठाकुर टूर्नामेंट कोऑर्डिनेटर एवं फिरदौस खान टूर्नामेंट डायरेक्टर के मार्गदर्शन में संपन्न हुई।

## राष्ट्रीय सारेगामापा गायन महोत्सव-2026 का आग़ाज़

# 19 वें वर्ष का भव्य आयोजन, स्व. महेशचंद मालू स्मृति सम्मान समारोह आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

सिवनी एक बार फिर संगीत का स्वर महासंगम के लिए तैयार है, जहां सुरों का महासंग्राम नए इतिहास लिखने को बेताब है। राष्ट्रीय सारेगामापा गायन महोत्सव-2026 अपनी 19वीं वर्षगांठ पर पहले से कहीं अधिक भव्यता और रोमांच के साथ लौट रहा है।
देशभर के युवा कलाकार इस मंच को अपनी पहचान और सपनों के नए दरवाज़े मानकर बड़ी संख्या में जुड़ रहे हैं। इस बार का आयोजन सिर्फ प्रतियोगिता नहीं, बल्कि सिवनी को राष्ट्रीय संगीत मानचित्र पर और चमकाने वाली सांस्कृतिक उत्सव यात्रा बनने जा रहा है।
सिवनी। संगीत प्रेमियों के लिए खुशखबरी! सिवनी नगर का प्रतिष्ठित राष्ट्रीय सारेगामापा गायन प्रतियोगिता-2026 इस वर्ष अपने शानदार 19वें वर्ष में और अधिक भव्यता के साथ आयोजित हो रहा है। मध्यभारत में पहचान बना चुके इस आयोजन ने वर्षों से युवाओं को बड़ा मंच और नई पहचान दी है।
आयोजकों के अनुसार इस बार प्रतिभागियों का उत्साह शिखर पर है और प्रतियोगिता में रिकॉर्ड संख्या में गायक-गायिकाओं के आने की उम्मीद है। इस आयोजन की लोकप्रियता का अंदाज़ा इसी से लगाया जा सकता है कि पिछले वर्षों में विजेता प्रतिभाएँ राष्ट्रीय मंचों तक पहुँची हैं और इस बार भी कई नई आवाज़ें सिवनी की मिट्टी से चमकने को तैयार हैं।

### 15 दिसंबर को होगा महत्वपूर्ण द्वितीय ऑडिशन

प्रतियोगिता का द्वितीय ऑडिशन 15 दिसंबर 2025 को सिवनी के एमएम ग्रैंड अग्रोहा लॉन, लूघरवाड़ा में आयोजित होगा। पहले चरण में हुई जबरदस्त भीड़ और शानदार प्रस्तुतियों ने आयोजन समिति के उत्साह को और बढ़ा दिया है। मध्यभारत के कई जिलों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों के पहुँचने की संभावना है। स्थल पर साउंड सिस्टम, मंच व्यवस्था और प्रतिभागियों के लिए सुविधाओं का विशेष ध्यान रखा जा रहा है ताकि वे अपनी प्रस्तुति बिना किसी बाधा के दे सकें। रजिस्ट्रेशन लगातार जारी है और आयोजक सभी इच्छुक गायक-गायिकाओं से अपील कर रहे हैं कि वे अंतिम तिथि का इंतजार न करें और जल्द से जल्द अपना पंजीकरण कराएँ।

### 9-10 जनवरी को सेमीफाइनल और ग्रैंड फाइनल का संगीत संगम

आयोजन समिति के अनुसार सेमीफाइनल 9 जनवरी और ग्रैंड फाइनल 10 जनवरी 2026 को बड़ा मिशन ग्राउंड, सिवनी में आयोजित होंगे। शहर में दो दिनों तक संगीत की अद्भुत गूंज सुनाई देगी, जब हजारों दर्शकों की मौजूदगी में प्रतिभागी अपनी कला का प्रदर्शन करेंगे। एलईडी स्टेज, लाइव म्यूजक और विशेष लाइटिंग इफेक्ट के साथ कार्यक्रम को इस बार और भी आकर्षक रूप देने की तैयारी की जा रही है। इसी दौरान प्रतिष्ठित स्व. महेशचंद मालू स्मृति सम्मान समारोह भी आयोजित किया जाएगा, जिसमें संगीत एवं संस्कृति के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वालों को सम्मानित किया जाएगा।

### प्रतियोगियों के लिए आकर्षक पुरस्कार और विशेष गिफ्ट

आयोजन में इस वर्ष भी प्रतिभागियों के लिए बेहद आकर्षक पुरस्कार रखे गए हैं। पहला पुरस्कार 31,000रुपये, दूसरा पुरस्कार 21,000 रुपये और तीसरा पुरस्कार 11,000 रुपये निर्धारित किया गया है। इसके अलावा सभी चयनित प्रतिभागियों को विशेष गिफ्ट भी दिए जाएंगे, जिससे प्रतियोगिता में भाग लेने वाले युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिल रहा है। कार्यक्रम के बाद मीडिया इंटरैक्शन और फोटो सेशन भी आयोजित होगा,जिससे प्रतिभागियों को आगे बढने का अतिरिक्त अवसर प्राप्त होगा।
प्रतियोगिता में प्रवेश शुल्क मात्र 500 रुपये रखा गया है, जबकि आम जनता के लिए प्रवेश पूर्णतः निःशुल्क रहेगा।
आयोजकों की अपील अपनी गायन प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच तक पहुँचाएँ आयोजक पृथ्वीराज जगने और आशीष दुबे ने बताया कि यह प्रतियोगिता उन प्रतिभाशाली युवाओं के लिए एक बड़ा अवसर है, जो अपने सपनों को साकार करना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 18 वर्षों में इस मंच ने कई कलाकारों को पहचान दिलाई है और इस बार भी नए सितारों के उभरने की पूरी संभावना है। उन्होंने प्रतिभागियों को आश्वस्त किया कि चयन प्रक्रिया पूर्णतः पारदर्शी होगी और केवल योग्यता के आधार पर ही प्रतिभागियों को मंच मिलेगा। उन्होंने कहा सिवनी आगामी महीनों में संगीत का केंद्र बनने जा रहा है। आइए, अपनी प्रतिभा को नए क्षितिज तक पहुँचाने के इस अवसर को न चूकें।

# मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा सिवनी में सिलसिला के तहत रचना पाठ एवं शाम-ए-गजल कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिवनी।

मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी, संस्कृति परिषद, संस्कृति विभाग के तत्वावधान में जिला अदब गोशा, सिवनी के द्वारा सिलसिला के तहत रचना पाठ कार्यक्रम का आयोजन श्रीजी भवन, बींझावाड़ा रोड, सिवनी में जिला समन्वयक मिन्हाज कुरैशी के सहयोग से किया गया।
सिवनी में आयोजित सिलसिला के लिए मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी की निदेशक डॉ. नुसरत मेंहदी ने अपने संदेश में कहा कि मध्य प्रदेश उर्दू अकादमी द्वारा सिलसिला के अंतर्गत सिवनी में होने वाला रचना पाठ और शाम-ए-गजल कार्यक्रम हमारी सांस्कृतिक परम्परा और रचनात्मक विविधता को आगे बढ़ाने का एक महत्वपूर्ण प्रयास है। हमारा उद्देश्य प्रदेश के हर जिले में प्रतिभाओं को मंच उपलब्ध कराना और उन साहित्यकारों व शायरों तक पहुँचना है, जिन्हें अब तक कम अवसर मिले है। सिवनी के साहित्य, कला और संगीत प्रेमी कार्यक्रम में शामिल होकर उर्दू अदब की इरा खूबसूरत महफिल को सफल बना रहे हैं. यह हर्ष का विषय है।
सिवनी जिले के समन्वयक मिन्हाज कुरैशी ने बताया कि सिलसिला के तहत दोपहर 2 बजे रचना पाठ का आयोजन हुआ जिसकी अध्यक्षता स्वामी बलवंतानंद श्रद्धानंद जी ने की। यहीं मुख्य अतिथि के रूप में खलीक कुज्जमा सहर एवं विशिष्ट अतिथि के रूप में यूसुफ राज मच पर उपस्थित रहे

### विद्यालय प्रबंधन को शिक्षिका को पद से पृथक करने के निर्देश

# अशासकीय शिक्षण संस्था में शिक्षिका द्वारा छात्र से मारपीट का मामला

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

जिला शिक्षा अधिकारी अश्विनी उपाध्याय ने अशासकीय शिक्षण संस्था गायत्री विद्या मंदिर बुढ़ी बालाघाट में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती पुष्पा तुरकर द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र गौरव भोकासे से मार-पीट करने की शिकायत की जांच के बाद विद्यालय प्रबंधन को निर्देशित किया है कि इस शिक्षिका को पद से पृथक करने की कार्यवाही करें और दो दिनों के भीतर पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत करें। शिक्षिका को पद से पृथक नहीं करने या पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत नहीं करने पर संस्था के विरूद्ध वैधानिक कार्यवाही की जायेगी।

अशासकीय शिक्षण संस्था गायत्री विद्या मंदिर बुढ़ी बालाघाट में कार्यरत शिक्षिका श्रीमती पुष्पा तुरकर द्वारा विद्यालय में अध्ययनरत छात्र गौरव भोकासे से मार-पीट करने का मामला संज्ञान में आने पर कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने जिला शिक्षा अधिकारी को इस प्रकरण की जांच करने के निर्देश दिये थे। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा इस शिकायत की जांच दो सदस्यीय समिति से करायी गई। समिति द्वारा जांच में पाया गया कि छात्र से मारपीट किये जाने का तथ्य सही है। शिक्षिका श्रीमती पुष्पा तुरकर द्वारा भी मारपीट किये जाने की बात स्वीकार की गई है। जांच समिति द्वारा जांच प्रतिवेदन में यह स्पष्ट किया है। शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 की धारा 17 में स्पष्ट उल्लेख है कि बाल शिक्षा के अंतर्गत छात्र-छात्राओं को विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षक-शिक्षिकाओं द्वारा शारीरिक दण्ड या मानसिक उत्पीड़न पर पूर्णतः प्रतिबंध है। इसका उल्लंघन स्पष्ट होने पर ऐसे व्यक्ति या शिक्षक पर सेवा नियमों के अधीन अनुशासनात्मक कार्यवाही करने के निर्देश हैं।

जिला शिक्षा अधिकारी श्री उपाध्याय ने जांच प्रतिवेदन में पाये गये तथ्यों के आधार पर श्रीमती पुष्पा तुरकर शिक्षिका अशासकीय विद्यालय गायत्री विद्या मंदिर बुढ़ी बालाघाट को शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 में निहित प्रावधानों के तहत मारपीट करने का दोष सिध्द होने के कारण उसे तत्काल पद से पृथक कर विद्यालय प्रबंधन को पालन प्रतिवेदन दो दिवस के भीतर अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करने कहा है। अन्यथा संस्था प्रबंधन के विरुध्द वैधानिक कार्यवाही की जाएगी।

## कलेक्टर ने ली जिला स्तरीय तकनीकी समूह की समीक्षा बैठक

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना की अध्यक्षता में 25 नवंबर कों जिला स्तरीय तकनीकी समूह की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कृषि उपसंचालक फूलसिंह मालवीय व अन्य अधिकारीगण और किसान उपस्थित रहे। बैठक में खरीफ,रबी व अन्य मुख्य फसलों के प्रति हेक्टेयर ऋण मान दरों का निर्धारण को लेकर चर्चा की गई। कलेक्टर श्री मीना ने किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने और कृषि उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से मुख्य फसलों के प्रति हेक्टेयर ऋण मान दरों का निर्धारण करने पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

# मतदाता पुनरीक्षण कार्य कर रही आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का निधन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट विधानसभा क्षेत्र-111 के अंतर्गत मतदान केन्द्र क्रमांक - 10 बोट्टा की बीएलओ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता 50 वर्षीय अनिता पति नरेश नागेश्वर का उपचार के दौरान निधन हो गया। जिससे हड़कंप की स्थिति है। वहीं मृतिका के पति ने एसआईआर कार्य का लोड होने से तनाव में आने के कारण बीमार होने का आरोप लगाया है। श्रीमती अनीता नागेश्वर का रात्रि में उपचार के दौरान आकस्मिक निधन हो गया। विगत 13 नवम्बर से उनका गोंदिया में उपचार चल रहा था और गंभीर होने पर रात्रि में नागपुर ले जाने के दौरान रस्ते में मौत गई। बीएलओ अनीता नागेश्वर के निधन पर विधायक अनुभा मुंजारे ने शोक व्यक्त किया है।

विधायक अनुभा मुंजारे ने कहा कि यह दुखद खबर है कि हमारे क्षेत्र की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता और बीएलओ का कार्य कर रही अनीता नागेश्वर का निधन हो गया। जैसी उन्हें जानकारी परिजनों से मिली है कि उनपर एसआईआर कार्य का लोड था और इसी के चलते वह बीमार हो गई। जिससे उपचार के लिए उन्होंने बालाघाट और गोंदिया में उपचार कराया। नागपुर ले जाने के दौरान निधन हो गया।

उन्होंने कहा कि एसआईआर कार्य कराने के नाम पर काम का बोझ या दबाव नहीं बनाना चाहिए। कर्मचारियों के साथ तनाव के कारण ऐसी घटना सामने आना चिंतनीय है। प्रशासन को एसआईआर कार्य करना है तो कर्मचारियों को विश्वास में ले और सद्भावना के तहत कार्य कराए। दबाव बनाकर कार्य नहीं कराया जाना चाहिए।

### जिला परियोजना अधिकारी और मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट मुख्य रूप से जिम्मेदार: समरीते

# नियम विरूद्ध तरीके से सांसद, विधायक निधि और खनिज निधि के 150 करोड़ के कार्य कराने का आरोप

## सप्लायर देवेश पटले ने की 5 करोड़ की जीएसटी चोरी.....

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट जिले के जिला परियोजना अधिकारी प्रदीप कौरव द्वारा बिरसा के देवेश पटले के माध्यम से 150 करोड़ के कार्य सांसद निधि एवं विधायक निधि के नियम विरूद्ध किये जाने की अपराध दर्ज कर जांच करवाने की पूर्व विधायक एवं संयुक्त क्रांति पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष किशोर समरीते ने लोकायुक्त भोपाल पुलिस को पत्र लिखकर मांग की है। श्री समरीते ने अपने शिकायत पत्र में कहा है की बालाघाट जिले के परसवाड़ा, बिरसा, बैहर जनपद में तत्कालीन सांसद ढालसिंह बिसेन, वर्तमान सांसद भारती पारधी तथा परसवाड़ा क्षेत्र के वर्तमान विधायक मधु भगत की विकास निधि के लगभग 150 करोड़ के कार्य एवं इन्हीं क्षेत्रों में खनिज निधि के 50 करोड़ के कार्य देवेश पटले निवासी बिरसा के माध्यम से करवाये गये। जिसमें कोई भी कार्य पूर्ण नहीं है तथा कार्य पूर्णता प्रमाण पत्र जारी कर दिये गये हैं। प्रमाण स्वरूप ग्राम पंचायत सोनेवानी एवं मोहनपुर में कराये गये कार्य हैं। मध्यप्रदेश शासन के निर्देश हैं कि 2 लाख एवं 2 लाख से अधिक राशि के कार्य बिना टेंडर के नहीं करवाये जा सकते। तथा यह शर्त ग्राम पंचायतों में लागू नहीं है। किंतु विधायक, सांसद एवं खनिज निधि के कार्य ग्राम पंचायतों को आबंटित फंड में स्वीकृत राशि विधायक एवं सांसद निधि की सांसद एवं विधायकों की अनुशंसा के बाद जिला परियोजना अधिकारी द्वारा प्रशासकीय स्वीकृति जारी कर दी जाती है।






**फर्जी बिल एवं बंद मोबाईल नंबर का कर रहे उपयोग:** श्री समरीते ने कहा बिना अनुबंध के ग्राम पंचायतों को एजेंसी बनाकर मटेरियल सप्लाई का कार्य देवेंद्र पटले को देकर अनुबंध करवाया जाता है। जिसमें सभी बिल फर्जी लगाकर तथा अनुबंध में दर्शाये गये मोबाईल नम्बर जो दिये जाते हैं, फर्जी होते हैं और हमेशा बंद रहते हैं। जबकि विधायक, सांसद एवं खनिज निधि की राशि के कार्य निविदा प्रक्रिया में सीवीसी गाईड लाईन 2007 का पालन कर कार्य करवाये जाने चाहिये। देवेश पटले द्वारा विधायक निधि, सांसद निधि एवं खनिज निधि की राशि 150 करोड़ रूपये का 40 प्रतिशत कमीशन देकर बिना कार्य करवाये आहरण कर ली गयी। यह गंभीर अपराध है। इस मामले में देवेश पटले को सांसद एवं विधायक निधि के कार्य आबंटित करने वाले जिला परियोजना अधिकारी तथा खनिज निधि के कार्यों की प्रशासकीय स्वीकृति जारी करने वाले मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट मुख्य रूप से जिम्मेदार है।

**सभी बिलों में एक ही जीएसटी नम्बर:** पूर्व विधायक ने इस मामले की जांच लोकायुक्त पुलिस से करवाकर देवेश पटले सप्लायर, विधायक एवं सांसद निधि तथा परियोजना अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट तथा मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बालाघाट की सम्पत्ति की जांच करवाने तथा सभी सांसद निधि, विधायक निधि एवं खनिज निधि के कार्य जो देवेश पटले द्वारा करवाये गये, इन सभी कार्यों की मुल्यांकन पुस्तिका तथा कार्य पूर्णता प्रमाण-पत्रों की जांच लोकायुक्त पुलिस द्वारा करवाने का कष्ट करें। मुख्यमंत्री अधोसंरचना मद के 50 करोड़ के कार्य भी देवेश पटले से ही करवाये गये जिसमें भुगतान में लगाये गये सभी बिलों में एक ही जीएसटी नम्बर है तथा विधायक निधि, सांसद निधि एवं खनिज निधि में भुगतान के लिये लगाये गये सभी बिलों में एक ही जीएसटी नम्बर है जो जांच का विषय है। तथा देवेश पटले द्वारा लगभग 5 करोड़ की जीएसटी की चोरी की गई जो गंभीर जांच का विषय है।

**सारे टेंडर सीवीसी गाईड लाईन का पालन किये बिना कर दिये गये:** उन्होने कहा प्रधानमंत्री सड़क योजना में जिसमें मिट्टी, मुरम के कार्यों में भारी फर्जी बिल लगाये हैं। इन कार्यों की सूची तथा विद्युत मंडल के कार्यों की सूची जिसमें बिना कार्य कराये राशि आहरण की गई, पत्र के साथ सूची संलग्न हैए मामले की जांच करवाने का कष्ट करें। इसमें सारे टेण्डर सीवीसी गाईड लाईन का बिना पालन किये कर दिये गये हैं तथा सर्वाधिक फर्जी भुगतान सभी मटेरियल का किया गया है। इस मामले में पुलिस महानिर्देशक, लोकायुक्त पुलिस को स्वतः पत्र पर संज्ञान लेते हुये 2 आईपीएस अधिकारियों से जांच करवानी चाहिये। अपने शिकायत पत्र में श्री समरीते ने टेण्डर एवं निर्माण कार्य तथा सप्लाई संबंधी सीवीसी गाईड लाईन की छायाप्रति एवं प्रधानमंत्री सड़क योजना एवं विद्युत मण्डल द्वारा कराये गये कार्यों की सूची की छायाप्रति संलग्न की है। एवं पत्र की प्रतिलिपि मुख्य सचिव, म.प्र.शासन, माननीय लोकायुक्त महोदय लोकायुक्त कार्यालय भोपाल, प्रमुख सचिव, योजना आर्थिक एवं सांख्यिकी विभाग, म.प्र.शासन, मुख्य अभियंता, लोकायुक्त कार्यालय, भोपाल,आयुक्त, जीएसटी जबलपुर (म.प्र.), कलेक्टर, जिला बालाघाट (म.प्र.), पुलिस अधीक्षक, सीबीआई, जबलपुर (म.प्र.), निदेशक, केन्द्रीय अन्वेषण ब्युरो भारत सरकार को भी भेजी है।

# गणना पत्रकों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन करने पर बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



मतदाता सूची के गहन पुनरीक्षण (SIR) कार्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत मतदान केंद्र लिंगा-208 की बीएलओ परबता वामनकर और मतदान केंद्र रोशना-155 की बीएलओ मंजू खोबरागड़े ने अपने-अपने मतदान केंद्रों के गणना पत्रकों का शत-प्रतिशत डिजिटाइजेशन पूरा कर मिसाल कायम की है। उनके इस उल्लेखनीय कार्य के लिए मतदाता रजिस्ट्रीकरण अधिकारी श्री एम.आर. कोल एवं श्री गोपाल सोनी द्वारा दोनों बीएलओ को सम्मानित किया गया। इसी प्रकार वारासिवनी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत सिकन्द्रा मतदान केन्द्र क्रमांक 85 की बीएलओ सरोज चौरे एवं मतदान केन्द्र क्रमांक-134 मंगेझरी की बीएलओ दुरगन को वारासिवनी एसडीएम श्री कार्तिकेय जायसवाल द्वारा सम्मा्नित किया गया है।

इस अवसर पर अधिकारियों ने कहा कि समय सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कर दोनों बीएलओ ने जिले के अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणादायी उदाहरण प्रस्तुत किया है। गणना पत्रकों का समय पर और पूर्ण डिजिटाइजेशन मतदाता सूची को अधिक सटीक और पारदर्शी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। बीएलओ परबता वामनकर और मंजू खोबरागड़े का यह योगदान निर्वाचन कार्यों की दक्षता को बढ़ाने में निश्चित रूप से सहायक सिद्ध होगा।

# आधार अपडेशन फर्जीवाड़ा मामले में लालबर्रा से दूसरी गिरफ्तारी

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



बालाघाट पुलिस ने आधार अपडेशन में फर्जीवाड़े के आरोप में लालबर्रा से एक आधार सेंटर संचालक को गिरफ्तार किया है। संचालक चेतन मोहारे पर आईरिश और फिंगरप्रिंट का क्लोन तैयार कर आधार अपडेट करने का आरोप है। यह इस मामले में दूसरी गिरफ्तारी है।

इससे पहले, भरवेली पुलिस ने 23 नवंबर को इस गिरोह के मुख्य आरोपी मोहसीन खान को भरवेली से गिरफ्तार किया था। मोहसीन ने पुलिस रिमांड के दौरान बताया था कि उसने चेतन मोहारे को आईरिश और फिंगरप्रिंट का क्लोन दिया था।

चेतन भी इसी तरीके से आधार अपडेशन का काम कर रहा था। इस जानकारी के आधार पर मंगलवार को पुलिस ने चेतन को लालबर्रा स्थित सांदीपनी स्कूल के पास संचालित आधार सेंटर से पकड़ा।

मोहसीन खान पर आरोप है कि वह आईरिश और फिंगरप्रिंट का क्लोन तैयार कर जिले के अन्य क्षेत्रों के परिवारों और परिचितों के नाम से आधार के टेंडर लेता था। वह एक ही जगह, भरवेली में अपने कियोस्क सेंटर से, सभी सेंटरों की आधार मशीनों का अवैध रूप से उपयोग कर आधार अपडेशन का काम करता था।

मशीन का लोकेशन छिपाने के लिए वह वीपीएन (वर्चुअल प्राइवेट नेटवर्क) का इस्तेमाल करता था। इस फर्जीवाड़े के खिलाफ शिकायत मिलने के बाद भरवेली पुलिस ने मोहसीन खान को गिरफ्तार किया था। उसी से पूछताछ में चेतन मोहारे की संलिप्तता सामने आई।

मुख्य आरोपी मोहसीन खान को रिमांड अवधि समाप्त होने पर आज कोर्ट में पेश किया गया है, और मामले में आगे की पूछताछ के लिए उसकी रिमांड मांगी गई है। पुलिस इस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# पेसा एक्ट पर दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

**हरिभूमि न्यूज गढ़ी।** जनपद पंचायत बैहर के अंतर्गत ग्राम पंचायत गढ़ी में शासन के निर्देशानुसार पेसा एक्ट अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। जिसमें सभी सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया वही सदस्यों को पेसा अधिनियम के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई पेसा अधिनियम अंतर्गत जल, जंगल, जमीन के अधिकार तथा ग्राम के स्वशासन को मजबूती प्रदान करने वाले प्रावधान को पेसा सदस्यों को बताया गया पेसा अधिनियम आदिवासियों के मूलभूत अधिकार एवं उनकी संस्कृति मान्यता पद्धतियों को संरक्षण प्रदान करता है इस प्रशिक्षण द्वारा पेसा सदस्यों के क्षमता वृद्धि में उपयोगी साबित होगा ग्रामीणजन उपरोक्त प्रावधानों को समझ कर पेसा अधिनियम के उद्देश्यों को पूरा करेंगे ।प्रशिक्षण को सफल बनाने में पी. सी. ओ. प्रताप उईके, मास्टर ट्रेनर अंतराम, चरण भुवनेश्वर सचिव, लालसिंह मरकाम, सम्मलसिंह धुर्वे रोजगार सहायक, हेमलता धुर्वे, तथा कार्यक्रम में उपस्थित ग्राम की सरपंच सुश्री रोशनी मेरावी, ग्राम कोष सदस्य सुश्री सोनाली कुशराम ने अपनी उपस्थिति दी जो पेसा प्रावधानों की उपयोगिता की भी जानकारी दी प्रशिक्षण कार्यक्रम में पंचायत स्टाफ का सराहनीय योगदान रहा।



# बिना फार्मासिस्ट के मेडिकल स्टोर का संचालन करने पर की गयी कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।



कलेक्टर श्री मृणाल मीणा के निर्देशानुसार एवं पदेन उपसंचालक खाद्य एवं औषधि प्रशासन डॉ. उपलप के आदेशानुसार खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा बालाघाट जिले में औषधि विक्रय करने वाले संस्थानो की जाँच की जा रही है। दिनांक 25 नवंबर 2025 को औषधि निरीक्षक जय प्रकाश कुमार एवं नायब तहसीलदार श्रीमती मंजुला महोबिया की टीम द्वारा बालाघाट शहर में स्थित मेडिकल स्टोर्स में की गहन जांच गई ।

जांच के दौरान दवाइयों के उचित वैज्ञानिक तरीके से रखरखाव की स्थिति । एक्सपायरी (अवसान तिथि) बीत चुकी दवाइयों का संधारण । पशु उपयोग हेतु निर्धारित दवाइयों का मानव उपयोग की दवाओं के साथ मिश्रण । विशेष तापमान पर रखी जाने वाली दवाइयों को सामान्य तापमान पर रखने की लापरवाही । बिल–वाउचर, स्टॉक रजिस्टर एवं खरीद–विक्रय रिकॉर्ड में विसंगतियाँ । योग्य फार्मासिस्ट/प्रमाणित व्यक्ति की निगरानी में औषधियों का क्रय विक्रय करना देखा गया।

जाँच दल ने बालाघाट नगरीय क्षेत्र में संचालित हीरावत मेडिकल स्टोर स्टेशन रोड़ बालाघाट, पहल मेडिकल स्टोर स्टेशन रोड़ बालाघाट, फार्मेसी, गोंदिया रोड़ बालाघाट, राजा मेडिकल स्टोर स्टेशन रोड़ बालाघाट, नेवेध्य फार्मेसी स्टेशन रोड़ बालाघाट, अमित मेडिकल स्टोर मोती नगर बालाघाट, गाँधी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, सरस्वती नगर बालाघाट का निरीक्षण किया। नेवेध्य फार्मेसी स्टेशन रोड़ बालाघाट में अवसान तिथि बीत चुकी दवाइयों का संधारण पाये जाने पर मोके पर औषधियों को नष्ट करने हेतु निर्देशित किया गया एवं गाँधी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स, सरस्वती नगर बालाघाट का संचालन बिना फार्मासिस्ट के पाए जाने के कारण जनस्वास्थ को द्रष्टिगत रखते हुए बंद करवाया गया । इन मेडिकल स्टोर्स के संचालकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया एवं अनुज्ञप्तिधारकों द्वारा प्रस्तुत जवाब संतोषजनक नहीं होने एवं औषधि एवं सोंदर्य प्रसाधन सामग्री अधिनियम के प्रावधानों के अंतर्गत अग्रिम कार्यवाही की चेतावनी दी गई।

## भाई ने बहन की चांदी बेची, पैसे मांगने पर हत्या

**बालाघाट।** बालाघाट जिले के मठारी गांव में एक भाई ने अपनी बहन की कुल्हाड़ी से गर्दन काटकर हत्या कर दी। यह घटना सोमवार देर रात की बताई जा रही है। पुलिस ने मंगलवार को सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंचकर शव बरामद किया। बिरसा थाना प्रभारी रेवलसिंह बरडे पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पहुंचे। बालाघाट से एफएसएल टीम ने भी गांव पहुंचकर बारीकी से निरीक्षण किया। पुलिस ने शाम को शव को पोस्टमॉर्टम के लिए बिरसा अस्पताल भेजा, जिसका बुधवार को पीएम कराया जाएगा।

# जल गंगा संवर्धन अभियान पुरस्कार पर सवाल - क्या कागजों पर हुई तरक्की.?

हरिभूमि न्यूज लालबर्रा।





बालाघाट एक ओर जहाँ जिला पंचायत बालाघाट को ₹जल गंगा संवर्धन अभियान₹ में उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्यमंत्री और पंचायत मंत्री द्वारा सम्मानित किया गया है, वहीं दूसरी ओर जिले की लालबर्रा जनपद पंचायत की अधिकांश ग्राम पंचायतों में इस अभियान के तहत बनाए गए खेत तालाब और डगवेल/रिचार्ज पिट्स की स्थिति चिंताजनक है। स्थानीय रिपोर्ट्स और जमीनी हकीकत बताती है कि ये जल संरचनाएं या तो अपनी दुर्दशा पर आंसू बहा रही हैं, या फिर शासन के निर्धारित मापदंडों के अनुसार इनका निर्माण ही नहीं हुआ है।

**अधूरे निर्माण और दुर्दशा पर आंसू:** लालबर्रा जनपद क्षेत्र की कई पंचायतों में जल संवर्धन के नाम पर हुए कार्यों की स्थिति को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो रहे हैं। यह कहने में कोई अतिशयोक्ति नहीं होगी कि कई स्थानों पर खेत तालाब और डगवेल का निर्माण आज भी अधूरा है। कई ग्राम पंचायतों में तो डगवेल या रिचार्ज पिट्स का निर्माण कार्य शुरू भी नहीं हो पाया है, जबकि ये संरचनाएं भूमिगत जल स्तर बढ़ाने के लिए अभियान का एक महत्वपूर्ण हिस्सा थीं। जो संरचनाएं बनी भी हैं, वे निर्धारित गुणवत्ता और मापदंडों पर खरी नहीं उतरतीं, जिससे उनका उद्देश्य पूरा नहीं हो पा रहा है। यह विसंगति सोचने पर मजबूर करती है कि जब जमीनी स्तर पर कार्य अपूर्ण और त्रुटिपूर्ण है, तो बालाघाट जिले को उत्कृष्ट कार्य के लिए किस आधार पर पुरस्कृत किया गया है।

**उत्कृष्ट कार्य पुरस्कार का आधार क्या:** यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि आखिर कौन से सर्वे या रिपोर्ट के आधार पर बालाघाट जिले को जल गंगा संवर्धन अभियान में उत्कृष्ट पुरस्कार से नवाजा गया है। स्थानीय लोगों और जागरूक नागरिकों का कहना है कि यह पुरस्कार कहीं कागजी रिपोर्ट या फर्जी प्रगति रिपोर्ट पर आधारित तो नहीं है, जहाँ केवल निर्माण की संख्या दर्शाई गई हो, न कि उसकी गुणवत्ता और वास्तविक उपयोगिता।यदि ढाँचों का निर्माण अधूरा है या वे निष्क्रिय हैं, तो यह सीधा संकेत देता है कि सरकारी राशि का सही उपयोग नहीं हुआ है, और योजनाओं को केवल कागजों में पूरा दिखाया गया है।

**जमीनी जांच और दंडात्मक कार्रवाई की मांग:** यह पंचायत/ग्रामीण विकास विभाग को तुरंत संज्ञान लेते हुए, बल्कि जिला प्रशासन और पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग को चाहिए कि वे पुरस्कृत होने के बाद भी इन अधूरी परियोजनाओं की जमीनी स्तर पर उच्च-स्तरीय जांच करवाएँ।पुरस्कार मिलने के बावजूद, अगर ग्रामीण क्षेत्रों में जल संरचनाएं अनुपयोगी हैं, तो यह शासन की मंशा और क्रियान्वयन करने वाले अधिकारियों/एजेंसियों की कार्यशैली पर एक बड़ा प्रश्नचिह्न है। दोषियों पर कठोर दंडात्मक कार्रवाई आवश्यक है ताकि भविष्य में योजनाओं को केवल कागजों में पूरा दिखाने की प्रवृत्ति पर रोक लग सके।

### कबड्डी का फाइनल मैच चिखलाबांध की टीम ने जीतकर पुरस्कार से हुई सम्मानित ,उपविजेता दैतबर्रा

# जामखारी में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का हुआ समापन

हरिभूमि न्यूज खैरलांजी।



खैरलांजी तहसील के अंतर्गत आने वाले ग्राम जामखारी में जय बजरंग युवा समिती के तत्वावधान में एक दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन सोमवार को किया गया । बताया गया की कबड्डी प्रतियोगिता में अचंल की करीब 12 टीमो के द्वारा भाग लेकर अपनी प्रतिभा का कुशल परिचय दिया । प्रतियोगिता का फाइनल मैच चिखलाबांध और दैतबर्रा की टीम के बीच खेला गया जिसमे चिखलाबांध की टीम के द्वारा बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए मैच में जीत हासिल की । दैतबर्रा के टीम के खिलाडीयो ने भी मैच में रोचक प्रदर्शन किया और अपनी प्रतिभा दिखाई। प्रतियोगिता का प्रथम पुरस्कार चिखलाबांध की टीम को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार दैतबर्रा की टीम को मिला। साथ ही प्रतियोगिता का तृतीय पुरस्कार डोरली की टीम को प्रदान कर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्री राजेश मिश्रा पूर्व सरपंच दिलीप बिसेन, रवि पिंटू मिश्रा, प्रभाकर वडीचार ,मनोज मिश्रा, सुखचंद सहारे, बंटी सहारे, आनंद शरणागत ,लक्की पटले, प्रवीण ठाकरे, रामदयाल आमाडारे, हरिचंद बावने, थानसिंग पटले सुनिल बिसेन, संजय भालाधरे सहित अन्य मौजूद रहे ।